दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 201 | जयपुर | सोमवार, 26 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मन की बात का 122वां एपिसोड

# ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं बदलते भारत की तस्वीर है : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रेडियो शो मन की बात के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि पीओके में गुलपुर और अब्बास कैंप (कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे।

### भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया

पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।



### सिक्किम के डॉक्टर ने क्राफ्टेड फाइबर्स की शुरुआत की

पीएम ने कहा कि दो-तीन दिन पहले मैं पहली राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट समिट में गया था। यहां मुझे एक दिलचस्प कहानी पता चली है क्राफ्टेड फाइबर्स की। ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं, सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला, और आज के फैशन की सोच- तीनों का सुन्दर संगम है। इसकी शुरुआत वेटेनरी डॉक्टर डॉ चेवांग नोरबू भूटिया ने की। उन्होंने बुनाई को एक नया आयाम देते हुए क्राफ्टेड फाइबर्स को जन्म दिया। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को मॉडर्न फैशन से जोड़ा और इसे बनाया एक सोशल एंटरप्राइज। क्राफ्टेड फाइबर्स के शॉल, स्टोल, दस्ताने, मोजे, सब लोकल हैंडलूम से बने होते हैं। इसमें जो ऊन का इस्तेमाल होता है, वो सिक्किम के खरगोशों और भेड़ों से आता है।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहली बार बस पहुंची

पीएम ने कहा कि मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। बस को देखकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है।

### योग दिवस को लेकर देशभर में उत्साह

पीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। 21 जून 2015 में योग दिवस की शुरुआत के बाद से ही इसका आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी योग दिवस को लेकर दुनिया भर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। आंध्र प्रदेश की सरकार ने योगआंध्र अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य पूरे राज्य में योग संस्कृति को विकसित करना है 7 इस अभियान के तहत योग करने वाले 10 लाख लोगों का एक पूल बनाया जा रहा है ।

मुझे इस वर्ष विशाखापट्टनम में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**जापान को पीछे छोड़ा, 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचेगा**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के CEO बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने 24 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। भारत ने यह उपलब्धि अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के कारण हासिल की है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा, हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आज भारत जापान से बड़ा है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं। नीति आयोग के सीईओ ने ये भी कहा कि अगर हम अपनी योजना और सोच-विचार पर टिके रहे, तो 2.5-3 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

### जोधपुर एम्स में 39 दिन का बच्चा कोविड पॉजिटिव

**16 अप्रैल को हुआ था जन्म, तब से अब तक एनआईसीयू में ही भर्ती**




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान में रविवार को 3 कोरोना के केस सामने आए हैं। जोधपुर एम्स में 39 दिन का नवजात कोरोना पॉजिटिव मिला है, जिसका जन्म 16 अप्रैल को हुआ था। फिलहाल नवजात एनआईसीयू में भर्ती है, जिसकी हालत ठीक बताई जा रही है। नवजात के पेरेंट्स डीडवाना के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को जोधपुर एम्स में भर्ती नवजात, उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज में एक युवक और जयपुर में अजमेर के केकड़ी निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव पाई गई है। साल प्रदेश में पिछले 4 माह 25 दिन में अब तक कोरोना के 15 मरीज सामने आ चुके हैं। इनमें फलोदी, बीकानेर, सवाई माधोपुर के एक-एक मरीज और कुचामन, अजमेर, जोधपुर के दो- दो मरीजों के अलावा जयपुर और उदयपुर में तीन- तीन मरीज सामने आ चुके हैं। जोधपुर एम्स में मिले 5 कोविड पॉजिटिव मरीज यहां सर्जरी के लिए भर्ती किए गए थे। इनमें एक नवजात का जन्म ही एम्स में हुआ, जिसे जन्म से ही एनआईसीयू में भर्ती रखा गया है। ऐसे में उसके कोविड पॉजिटिव होने को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

### देश में दो दिन में कोरोना से 2 मौतें, 27 नए केस

**एक्टिव मरीज 363 हुए, नए मामले केरल तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से 2 दिन में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी। बीते दिन शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है। देशभर में बढ़ते मामलों के बीच शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अधिकारी शामिल हुए।

**गांडीव स्टेडियम से चित्रकूट स्टेडियम तक तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन**

# देश का प्रत्येक नागरिक एक सैनिक है : राज्यवर्धन राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और वीरता को सम्मान देने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर के गांडीव स्टेडियम से चित्रकूट स्टेडियम तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व राजस्थान के सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया।

यह तिरंगा यात्रा देश की सुरक्षा में जुटे वीर जवानों और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी सशस्त्र बलों को समर्पित थी। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियाँ, उनके परिजन एवं युवाओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हाथों में लेकर 'भारत माता की जय' और 'वीर जवान अमर रहें' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि हमें गर्व है कि हमारे देश के सैनिक सीमाओं पर अडिग रहकर देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी पूर्व सैनिक,



उनके परिजन एवं युवाओं महिलाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक एक सैनिक है। जो राष्ट को मजबूत करने में योगदान देता है। कर्नल




राठौड़ ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और देश के सैनिकों को आतंकवाद खत्म करने की स्वतंत्रता देने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी के साथ उन्होंने सेना के जज़्बे को भी सलाम किया। इस अवसर पर सांसद श्री मदन राठौड़ ने भी यात्रा में भाग लेकर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस और त्याग को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना, शहीदों के बलिदान को याद करना और समाज को एकजुट कर देश के प्रति समर्पण की भावना को प्रबल करना था। यात्रा का समापन चित्रकूट स्टेडियम में राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भारत को अपने सशस्त्र बलों के शौर्य, साहस और दृढ़ संकल्प पर गर्व है : लोकसभा अध्यक्ष




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प और आतंकवाद के विरुद्ध कड़े रुख पर जोर देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता और वीरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों के शौर्य, साहस और दृढ़ संकल्प पर गर्व है। उन्होंने आगाह किया कि यदि कोई देश या आतंकवादी संगठन भारत में आतंक फैलाता है, तो इसके परिणाम ऑपरेशन सिंदूर से भी अधिक गंभीर होंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया है, बल्कि इस संबंध में दुनिया को एक स्पष्ट और दृढ़ संदेश भी दिया है। उन्होंने यह आग्रह भी किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में हम सामूहिक हित की भावना से आगे बढ़ें। बिरला ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में उपस्थित विशिष्ट लोगों को संबोधित करते हुए आज ये टिप्पणियां कीं। लोक सभा अध्यक्ष के तौर पर झारखंड की अपनी पहली यात्रा पर आए बिरला ने रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गए । इस अवसर पर बिरला ने देश के विकास में आदिवासी समुदाय के योगदान की सराहना की। बिरला ने झारखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां से देश को भगवान बिरसा मुंडा और जमशेदजी टाटा जैसे महानुभाव मिले । उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी सम्मान और स्वाभिमान के लिए बहादुरी से लड़ने की प्रेरणा दी । बिरला ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जमशेदजी टाटा ने अपने विजन से स्वतंत्रता से बहुत पहले भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति के बारे में बात करते हुए, ओम बिरला ने कहा कि एक ऐसा देश जो कभी आयात पर बहुत अधिक निर्भर रहता था, अब रक्षा उपकरणों के निर्माण और यहां तक कि उनके निर्यात में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नवाचार और सुदृढ़ नीतियों के चलते यह महत्वपूर्ण बदलाव आया है जिससे भारत के एमएसएमई क्षेत्र और उद्योगों को देश की सुरक्षा को मजबूत करने में प्रत्यक्ष और सार्थक भूमिका निभाने के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के स्पष्ट और महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

बिरला ने आगे कहा कि देश की बढ़ती सैन्य शक्ति हमारे देश के औद्योगिक क्षेत्र की प्रतिबद्धता और क्षमताओं की मजबूत नींव पर टिकी है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा विजन है और विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# निःशुल्क मेडिकल केम्प व रक्तदान शिविर सम्पन्न, 784 रोगियों ने कराया पंजीयन

## रोगियों को मिली दवाएं निःशुल्क, 22 ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन,उदयपुर टेक्स बार चेरिटेबल सोसायटी व सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज सुरजपोल मेवाड़ मोटर्स गली स्थित श्री जिनदत सूरी जैन धर्मशाला वासुपूज्य कॉम्प्लेक्स में विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, भर्ती एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 784 रोगियों ने पंजीयन कराया। साथ ही 22 युवकों ने रक्तदान कर जरुरतमंदो की सेवा की। जिसमें 90 वीं बार रक्तदान कर सीए गौतम सुखलेचा ने कीर्तिमान बनाया। उदयपुर टैक्स बार के अध्यक्ष एवं सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सीए गौतम सुखलेचा ने बताया कि शिविर में 531 रोगियों की विभिन्न प्रकार जांचे हुई। जिसमें 56 जांचे बीएमडी एवं 102 रोगियों की ईसीजी की जांचे की गयी। उन्होंने बताया कि शिविर में पीएमसीएच हास्पीटल के 12 चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों का परामर्श दिया। इससे पूर्व दो सत्र आयोजित किये गये। जिसमें प्रथम सत्र में एसोसिएशन के सदस्यों के लिये एक घंटे का योगा सेशन हुआ जिसमें योगाचार्य डां पुष्कर लाल जी चौधरी ने सभी को योगा सिखाते हुए जिन्दगी को जीना ही कला के विषय पर जानकारी दी। दूसरे सत्र में आय पर टेक्स कटौती विषय पर सीए गौरव व्यास ने सारगर्भित जानकारी दी। इस सत्र की मुख्य अतिथि वाणिज्य कर विभाग की उपायुक्त (एसजीएसटी) कविता पाठक थी। गौतम सुखलेचा ने बताया कि शिविर में उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन के 100 सदस्य ,सुखलेचा परिवार में 42, तेरापंथ युवक परिषद के 16 सदस्यों ने शिविर में सहयोग किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सीए सुखलेचा ने बताया कि सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज में 9 देहदान स्वयं के परिवार के सदस्यों सहित कुल 39 जनों का देहदान आज तक कराया हे। शिविर में गौतम सुखलेचा ने 90 वी बार, अशोक सुखलेचा,अमोलक सुखलेचा ने लगातार 13 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन के सचिव अंकुश जैन ने भी रक्तदान किया।टेक्स बार चेरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष पवन तलेसरा, सचिव कल्पेश जैन, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बंसल सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। शिविर में आने वालेसभीसदस्यों एवं मरीज के नाश्ते एवं सूची भोज की व्यवस्था भी की गई । विशेष खून की जांचे,शुगर, कोलेस्ट्रॉल, लीवर, किडनी, यूटिक एसिड, यूटिया सी.बी.सी. सीटम पी. एस. ए.. यूटीन निःशुल्क की गयी। शिविर में भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक हॉस्पीटल का भी शिविर में सहयोग रहा।

# प्रगति कोचिंग सेंटर साहवा में कैरियर सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में संचालित प्रगति कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए साहित्य और कैरियर संबंधी सेमिनार आ आयोजन किया गया। सेमीनार में नोहर से साहित्य कला चेतना परिवार और उपल पत्रिका के संस्थापक कमल अग्रवाल और कवि कुलदीप पारीक ने बच्चों को साहित्यिक और कैरियर संबंधी अनेक जानकारियां से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 के बाद विद्यार्थियों के मन में एक शंका रहती है कि किस स्ट्रीम में जाए तथा 12 वीं के बाद अपने जीवन की दिशा कैसे तय करें आदि शंकाओं का अपने स्तर पर समाधान कैसे करें। अक्षर यानी कि ब्रह्म से बने शब्दों की क्या सामर्थ्य है और साहित्य किस प्रकार से भटके हुए लोगों को राह दिखाने का काम करता है विषय पर कवि कुलदीप पारीक ने विद्यार्थियों के बीच अपने विचार व्यक्त किये। कमल अग्रवाल ने बताया की विज्ञान, आर्ट, कॉमर्स संकाय में शामिल समस्त विश्व में हम अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं चाहे वो विषय राजनीति विज्ञान हो, भूगोल हो, अर्थशास्त्र हो या फिर बायोलॉजी आदि का हो। मेडिकल लाइन में अनेक कोर्स और डिप्लोमा होते हैं जिनके माध्यम से हम अपना रोजगार सुनिश्चित कर सकते हैं आदि तमाम जानकारियों से उन्होंने विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की। कोचिंग संचालक महेंद्र गोदारा और अंग्रेजी के प्रवक्ता सुनील कुमार ढूकिया ने आए हुए मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर, कोचिंग के नाम प्रिंट का कॉफी कप और राजमोहन शर्मा की कविता कितने टेस्ट वाला मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

संचालक महेंद्र ने 12 वीं के बाद फाउंडेशन के बारे में बताते हुए कहा कि आप सब हमसे जुड़कर भविष्य की बड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं । हम वो कंटेंट उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे जो आपको बड़े शहरों में उपलब्ध होता है। इस अवसर पर नारायण दत्त शर्मा फिजिक्स लेक्चर, रतन कुमार सैनी, रोहिताश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजमोहन शर्मा ने किया।

# सेना के सम्मान में धीरवास बड़ा में ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा, सेना के शोर्य और सम्मान में भारत माता की जय के गूंजे जयकारे



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव धीरवास बड़ा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। रविवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रभुदयाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा बालाजी स्कूल से शुरू होकर गाँव के मुख्य मार्गो से होते हुए बाबा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को माल्यार्पण करते हुए भगतसिंह चौक पर पहुंची जहां सेना के शोर्य और सम्मान में ग्रामीणों ने भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदे मातरम्, आदि जयकारो के साथ यात्रा का समापन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने काफ़ी उत्साह और देश प्रेम का जज्बा दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रभुदयाल सोनी, हंसराज भाम्भू, विकास जेलदार, तेजाराम भाम्भू, अनतराम छींपा,भँवरलाल गोड़, मोहनलाल सहारण, झमनलाल सोनी, मैनपाल थोलोड़, शंकर गोस्वामी, राजेंद्र शर्मा, सपीक, गोविंद जोशी, अरुण सहारण, संदीप खेरवा, रविकांत सहारण, अजय स्वामी, विवेक शर्मा, पुरसोतम सोनी, बलवीर सहारण, रामनिवास सहारण, लालचंद आदि सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केदार शर्मा, अस्फिया नाज व दिलखुश वर्मा जिला कहानी लेखन में अव्वल

## अवधेश जैन, अजहान शाह, सरिता गुर्जर द्वितीय तथा मोहम्मद फहीम, प्रदीप वर्मा, गुड्डी गुर्जर तृतीय स्थान पर रहे







बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जिला शाखा टोंक द्वारा कुटुम्ब, परिवार-भाव, भारतीय परिवार व्यवस्था में सकारात्मक दृष्टिकोण या औपनिवेशिकता के ऋणात्मक पक्ष विषय पर आयोजित जिला स्तरीय कहानी लेखन प्रतियोगिता में केदार शर्मा, अस्फिया नाज व दिलखुश वर्मा अव्वल रहे। एडवोकेट अवधेश कुमार जैन, अजहान शाह खान, सरिता गुर्जर दूसरे स्थान पर तथा मोहम्मद फहीम, प्रदीप वर्मा, गुड्डी गुर्जर तीसरे स्थान पर रहे।प्रतियोगिता संयोजक ममता जाट 'मंजुला' और सह संयोजक शिमला शर्मा 'शुभ्रा' ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में केदार शर्मा ने प्रथम, एडवोकेट अवधेश कुमार जैन ने द्वितीय तथा शिक्षक मोहम्मद फहीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय विद्यार्थी वर्ग में मालपुरा की छात्रा अस्फिया नाज ने प्रथम, अजहान शाह खान ने द्वितीय तथा प्रदीप वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर (कक्षा 8 से 12) वर्ग में दिलखुश वर्मा ने प्रथम, खरेड़ा की छात्रा सरिता गुर्जर ने द्वितीय तथा गुड्डी गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर के सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा और उत्कृष्ट कहानियों को प्रांतीय मंच पर भी स्थान मिलेगा। चयन समिति में रमेश कुमार चौधरी, डॉ. नरेश कुमार वर्मा, चन्द्रशेखर मीणा और रेखा जैन 'प्रकाश' शामिल रहे।

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा 35वी मासिक गो सेवा का आयोजन, गोसेवा के साथ साथ पक्षियों के लिये परिण्डे बंधे

# गो माता की सेवा सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाली : मीना तोषनीवाल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** रविवार को शहर के प्रमुख सेवा भावी संघठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा 35वी मासिक गोसेवा का आयोजन किया गया। चतुर्भुज तालाब के आगे प्राकृतिक वातावरण में स्थित कामधेनु गो शाला के प्रांगण में वैश्य समाज द्वारा गो वंश को गुड़ खल कांकडे भूसा एवम हरा चारा खिला कर गो सेवा की गई । इस अवसर पर संघठन की टीम ने गोशाला परिसर में पेड़ो पर परिण्डे भी लगाए और उनमें जल भर कर परिंदों की सेवा का संदेश दिया ।इस अवसर पर संघठन की महिला संरक्षिका मीना तोषनीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक सनातनी को यथा शक्ति गो सेवा करनी चाहिए गो सेवा सभी मनोरथ पूर्ण करने में सक्षम है ।इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब ने आम जन से ज्यादा से ज्यादा परिण्डे लगाने की अपील की महिला शहर अध्यक्ष रेखा जेन ने कार्यक्रम में पधारे सदस्यों का तिलक लगा कर अभिनन्दन किया।शहर महामंत्री राजेश बम्ब ने बताया कि इस अवसर पर संघठन हित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए भगवान दास अजमेरा ऋचा सिंघल खुशाल (मोनू)जेन मीना तोषनीवाल ओर ममता गोयल का दुपट्टे पहना कर ओर उपहार भेंट कर सम्मान किया गया । इस अवसर पर मुरारी लाल सिंघल भगवान दास अजमेरा राजीव बंसल रमेश गट्टी रामकिशन कहालिया मनीष बंसल बृजमोहन गुप्ता खुशाल जेन पवन जेन आशीष मूंदड़ा राजेश बम्ब आर्यन खण्डेलवाल राज कुमार विजयवर्गीय निखिल गुप्ता ओम प्रकाश अजमेरा अखिल जेन मौजूद रहे वही मातृशक्ति में सीता सिंघल स्नेहा बम्ब ऋचा सिंघल गीता खण्डेलवाल रेखा जेन जानकी कहालिया मीना तोषनीवाल मंजू जेन गट्टी शुभ्रा विजय ममता गोयल उषा जेन लक्ष्मी कासलीवाल मोनिका अजमेरा मीनाक्षी बम्ब प्रियांशी बम्ब आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी द्वारा संयोजक टीम ओर पधारे सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।



# देवेन्द्र महिला संस्थान का 22 वां 8 दिवसीय धार्मिक एवं नैतिक संस्कार शिविर का रंगारंग समापन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जैनाचार्य देवेंद्र महिला मंडल संस्थान की ओर से आयोजित जैन धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर का रविवार को भुवाणा स्थित देवेंद्र धाम में रंगारंग समापन हुआ। समापन समारोह में संस्थान के सदस्यों सहित कई समाजजन उपस्थित हुए। संस्थान अध्यक्ष संध्या नाहर ने बताया कि सन 2004 से 22 सालों से निरंतर जैन धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर देवेंद्र धाम में श्री जैनाचार्य देवेंद्र महिला मंडल की ओर से आयोजित किया जाता रहा है। उसी के तहत आज या 22वां शिविर था जिसका समापन रविवार को हुआ। उन्होंने बताया कि यह शिविर कभी 8 दिन का होता है कभी 12 दिन का होता है तो कभी 15 दिनों तक का भी होता है। इस शिविर में हर वर्ष 100 से 150 बच्चें आचार्य की प्रेरणा से धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य यही है की बच्चें अपने समय का सदुपयोग करें। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षाएं प्रदान की जाती है ताकि बच्चे बड़े होकर धर्म के प्रति अपनी रुचि बरकरार रखें, और अपने जीवन में नैतिकता और संस्कारों को कभी नहीं भूले।

आज के समय में जहां बच्चे इंटरनेट की दुनिया में ही खोए रहते हैं। बच्चों को आज के समय में मोबाइल की लत लग चुकी है। इस मोबाइल की लत से बच्चों में धार्मिकता और नैतिकता के पतन की शुरुआत हो रही है। इन सब की रोकथाम के लिए इस तरह के धार्मिक एवं नैतिकता के शिविरों का होना बहुत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पिछले 22 सालों से जैनाचार्य देवेंद्र महिला मंडल की ओर से शिविर आयोजित किया जाता है। समापन शिविर के प्रारंभ में दीप प्रचलन एवं मंगलाचरण हुआ। उसके बाद धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त बच्चों ने जो भी शिविर में सीखा उसकी मंच से सभी के सामने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। यही नहीं शिविर में आए अतिथियों एवं बच्चों को जो उपहार प्रदान किये गए,वे उपहार भी शिविर में भाग लेने वाले बच्चों ने ही तैयार किए थे। प्रारंभ में समारोह में उपस्थित अतिथियों का माल ऊपरना एवं पगड़ी पहनाकर संस्थान की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों ने शिविर के दौरान सिखाए गए योग की प्रस्तुति दी। बच्चों ने सामूहिक रूप से पाठशाला डांस भी किया जिसमें यह बताया गया कि जीवन में 18 पापों से कैसे बचा जा सकता है।

पाठशाला पढ़ कर आना, कोई भी पूछे जल्दी से बताना, क्या-क्या करना पाप है... इस पर बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी तो उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ बच्चों की हौसला अफजाई की। समारोह में मुख्य अतिथि निर्मल पोखरना,डॉ. जय चोरड़िया,शशि भण्डारी,दिनेश चोरड़िया,रमेश खोखावत,सुरेश बड़ाला,विजयसिहं सिंह छाजेड़,संस्थान मंत्री इंदिरा चोरडिया, उपाध्यक्ष अनीता भंडारी, रेखा चौरडिया, ललिता बाफना, विनीता पामेचा, स्नेहा सिसोदिया, ममता रांका, लीला नाहर, मधु खमेसरा,मीनू छाजेड़ ,मीना बोकड़िया,प्रेम नाहर,रूचि चोरडिया, संगठन मंत्री रंजना चौहान,कल्पना चोरडिया, रानी मेहता,डॉ. स्नेहा बाबेल,चेतना बड़ाला, साधना बड़ाला,कोमल जैन,मंजू लोढ़ा,कला चोरड़िया आदि उपस्थित थे।

# नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की मांग का ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण, कार्यालय के लटका मिला ताला

## आक्रोशित ग्रामीणों ने नारेबाजी कर दीवार पर चस्पा किया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के जलदाय विभाग द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं करने तथा विभाग द्वारा नलों में बदबूदार पानी सप्लाई किए जाने पर ज्ञापन देने गए ग्रामीणों ने जलदाय विभाग हेडवर्क्स साहवा के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पर ताला लगे होने पर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा दीवार पर ज्ञापन चस्पा कर अपना विरोध जताया। रविवार को कस्बे के जागरूक नागरिक कस्बे में पिछले कई दिनों से अनियमित पेयजल सप्लाई की समस्या तथा पेयजल सप्लाई में बदबूदार और गंदे पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता साहवा के कार्यालय पहुंचे लेकिन कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के ताला लगा हुआ मिला। मौके पर ना तो कोई अधिकारी मिला और ना ही विभागीय कर्मचारी मौजूद थे। ग्रामीणों ने फोन कर विभागीय कर्मचारियों को सूचना भी दी लेकिन इसके बाद भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। घंटों इंतजार करने के बाद भी किसी अधिकारी कर्मचारी के मौके पर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा ज्ञापन को दीवार पर चस्पा कर अपना विरोध जताया। इस अवसर पर रूपाराम पारीक, राहुल भाटी, शंकर सैनी, रविकांत जोशी, विकास पारीक, अनूप पारीक, किशन पारीक सहित अनेक जागरूक नागरिक उपस्थित थे। विदित रहे कस्बे के कुछ स्थानों पर पिछले चार पांच दिन से पेयजल सप्लाई का पानी नहीं पहुंच रहा तथा पिछले 2 दिन से बदबूदार और गंदा पानी सप्लाई में आने से लोगो को बेहाल गर्मी के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मार्बल से भरे ट्रेलर ने ट्रक कों मारी टक्कर चालक केबिन में स्टेयरिंग के बीच फंसा

बढ़ता राजस्थान



**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** बालाजी थाना क्षेत्र के गांव गुर्जर सीमला के पास एनएच 21 पर रविवार सुबह एक सड़क हादसे में मार्बल से भरे ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक कों टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जयपुर की तरफ से आ रहे ट्रक के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे से आ रहा मार्बल से भरा ट्रेलर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। टक्कर के बाद ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर का चालक भी केबिन में स्टेयरिंग के बीच फंस गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बालाजी थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक कों केबिन से बाहर निकाल कर एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार के लिए उप जिला अस्पताल सिकराय ले गये। जहां चिकित्सक द्वारा जांच में चालक के पैर में फेक्चर पाए जाने के बाद चालक कों जिला अस्पताल दौसा रेफर कर दिया गया। उधर बालाजी थाना पुलिस ने ट्रक कों बालाजी थाने में लाकर खड़ा कर दिया। वहीं ट्रेलर में मार्बल भरा होने से सेफ्टी क्रेन से ट्रेलर कों हटाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घंटो की मेहनत के बाद ट्रेलर कों भी हादसे की जगह से हटवाया गया। थाना पुलिस ने हादसे के तुरंत बाद ही यातायात सूचारु रूप से चालू करवा दिया था।

# डॉ. रवि बंसल का स्वागत : ग्रामीणों ने माला और साफा पहनाकर किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)। उपजिला अस्पताल पावटा में सेवारत चिकित्सक एमडी फिजिशियन डॉ. रवि बंसल को पीएमओं नियुक्त किए जाने पर उनका ग्रामीणों द्वारा माला और साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान डॉ. बंसल ने कहा, मैं अपने सभी शुभचिंतकों और वरिष्ठों का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं अपनी नई भूमिका में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए काम करूंगा। मनिष निमोरिया ने कहा, डॉ. बंसल की नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। हमें उन पर पूरा विश्वास है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार हाडिया ने डॉ. बंसल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। विकास कुनेड़ ने कहा हमें उम्मीद है कि डॉ. बंसल अपनी नई भूमिका में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। इस दौरान राजेश सैनी, रतिराम मुलोदिया, रघुवीर वर्मा, सर्वेस सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने डॉ. बंसल का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जयपुर जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने एक साथ किया 'गिवअप'
### झोटवाड़ा पंचायत समिति के बेगस में आयोजित हुआ रात्रि चौपाल कार्यक्रम

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

## समस्याओं का हुआ समाधान तो फरियादियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई और त्वरित समाधान के लिए जयपुर जिले में नियमित जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कालवाड़ तहसील की बेगस ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने की सहमति दी एवं 30 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का लाभ लेने का संकल्प लिया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनकी परिवेदनाएं सुनीं। रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा, पेंशन, पट्टे, राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, अतिक्रमण, श्मशान एवं खेल मैदान हेतु भूमि आवंटन से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकतर परिवादों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों अधिकारियों को शेष परिवादों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर फीडबैक भी लिया एवं अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये।

रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों से संबंधित मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसके साथ-साथ किसानों को जागरूक करने के लिए खेती री बातां, कृषि पत्रिका के बारे में जानकारी दी गई, एवं संबंधित विभाग को कृषि संबंधी नवाचारों से किसान जन को जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित परिवादों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ करने के लिए निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी श्री राजेश जाखड़, तहसीलदार श्री जयपाल सिंह सहित अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## केसरी वीर फिल्म के प्रमोशन के लिए जयपुर पहुँचे बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी, हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** बॉलीवुड के मशहूर एक्शन स्टार और फिटनेस आइकॉन सुनील शेट्टी रविवार को अपनी आगामी फिल्म केसरी वीर के प्रमोशन के सिलसिले में गुलाबी नगरी जयपुर पहुँचे। उनके आगमन पर शहर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहाँ प्रशंसकों और समाज के गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुनील शेट्टी का जयपुर आगमन होटल शकुन में हुआ, जहाँ उन्हें पारंपरिक राजस्थानी अंदाज़ में माला, दुपट्टा और गुलदस्ते के साथ अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत, होटल शकुन के डायरेक्टर जे.डी. माहेश्वरी, रामाज रिसोर्ट और कुर्तीस के एम.डी. मोहित टेलर, समाजसेवी अभिषेक गुप्ता और जगदीश टेलर समेत कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियाँ मौजूद रहीं फिल्म केसरी वीर भारतीय शौर्य, परंपरा और बलिदान की कहानी है, जिसमें सुनील शेट्टी एक वीर योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। प्रमोशन के दौरान उन्होंने फिल्म की थीम और इससे जुड़े ऐतिहासिक महत्व को साझा करते हुए बताया कि यह फिल्म युवा पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का काम करेगी। इस मौके पर सुनील शेट्टी ने जयपुरवासियों का आभार जताते हुए कहा, राजस्थान की धरती हमेशा से वीरता और संस्कृति की मिसाल रही है। यहाँ आकर फिल्म का प्रमोशन करना मेरे लिए गर्व की बात है।कार्यक्रम के अंत में सुनील शेट्टी ने अपने प्रशंसकों से संवाद किया और फिल्म को लेकर उनकी उत्सुकता को सराहा।

## सोशल मीडिया के जरिए लोगों को धमकी देने वाला दस हजार रुपये का इनामी बदमाश चढा पुलिस के हत्थे

## एक पिस्टल मय दो मैगजीन सहित छह जिंदा कारतूस जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया के जरिए लोगों को धमकी देने वाले दस हजार रुपये के इनामी आरोपी बदमाश विष्णु सिंह उर्फ बल्लू राजपुरा (27)निवासी लोसल जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। जो हथियारों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहा था। पुलिस जानकारी में सामने आया कि पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश में गिरने से आरोपी का पैर टूट गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाने के वांछित बदमाश विष्णु सिंह उर्फ बल्लू राजपुरा को पकड़ा गया है, जो 10 हजार का वारंटी भी है। पिछले कई दिनों से आरोपी बार-बार सोशल मीडिया पर लाइव आकर लोगों को धमकी दे रहा था। इस पर पुलिस को सूचना मिली कि वह पिछले कई दिनों से हथियारों के साथ घूम रहा है। इस पर पुलिस टीम का गठन कर आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ कर कब्जे से अवैध पिस्तौल जब्त की। पुलिस कस्टडी से आरोपी विष्णु सिंह ने भागने की कोशिश की,जहां कुछ दूरी पर भागते समय गिरने पर वह चोटिल हो गया। पुलिस ने तुरंत उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। पैर में फ्रैक्चर होने पर हॉस्पिटल में भर्ती आरोपी विष्णु सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## नौकरी के बहाने बुलाकर एक युवती पर किडनी निकलवाने के लिए दी धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** अशोक नगर थाना इलाके में नौकरी के बहाने बुलाकर एक युवती पर किडनी निकलवाने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाकर आरोपी ने बंदूक के दम पर कागजों पर अंगूठे के निशान लगवा लिए। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर अश्लील हरकत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि वेस्ट बंगाल की रहने वाली युवती ने शिकायत में बताया कि महर्षि दधीचि सर्किल के पास एक व्यक्ति रहता है, जिसका मकान जानती हूं। 10 दिन पहले वह व्यक्ति नौकरी के नाम पर अपने घर ले गया। घर ले जाकर आरोपी ने उसे बंधक बनाकर रखा। उसके गिरोह के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट और छेड़छाड़ की। उसकी किडनी निकलवाने का दबाव बनाया गया। किडनी निकाल कर दूसरी जगह बेचने के लिए बात कही। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर अश्लील हरकतें करने लगा। बंदूक के दम पर खाली कागजों पर अंगूठी निशानी लगवा ली। अपनी इज्जत व जान बचाकर जैसे-तैसे घर से भागकर पीड़िता थाने पहुंची।

## राजस्थान विश्वविद्यालय की दो छात्राओं को फ्रांस में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट

बढ़ता राजस्थान







**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीय भाषाएँ, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन विभाग की दो छात्राओं — नम्रता करमचंदानी और आशी जैन का चयन फ्रांस में English Assistantship Program के अंतर्गत हुआ है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्राएँ फ्रांस के उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालयों में अंग्रेज़ी भाषा का शिक्षण कार्य करेंगी। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष फ्रांस सरकार के शिक्षा मंत्रालय और भारत स्थित फ्रांस के दूतावास द्वारा विशेष रूप से फ्रेंच भाषा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। विभाग के छात्र हर वर्ष इस सम्मानजनक अवसर के लिए चयनित होते हैं, और अब तक कई विद्यार्थियों को इससे अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त हुआ है।राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना काटेजा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों और आदान-प्रदान को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है।विभागाध्यक्ष डॉ. निधि रायसिंघानी द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन, परामर्श और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय और लाभकारी रहा है। यूरोपीय भाषाएँ विभाग विदेशी भाषाओं के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और ऐसे अवसर छात्रों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## एडवांस प्रशिक्षण शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में माउंट आबू स्थित प्रशिक्षण केंद्र नंबर 1 पर आयोजित एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर 18 मई से 24 मई 2025 तक चला, जिसमें राज्य भर से आए स्काउट मास्टरों ने भाग लिया।इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य स्काउट गाइड के विभिन्न तकनीकी, शारीरिक, मानसिक एवं नेतृत्व विकास से जुड़े पहलुओं का गहन अध्ययन एवं अभ्यास कराना था। प्रशिक्षण में प्रतिदिन विविध व्यावहारिक सत्र, अनुशासन आधारित गतिविधियाँ, समूह चर्चाएं, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, गांठें एवं पायनियरिंग, ध्वज शिष्टाचार, नेतृत्व विकास और शिविर जीवन से जुड़े अनगिनत कौशलों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।स्थानीय संघ कोटपूतली से तीन स्काउट मास्टर हंसराज रावत, रोहिताश सैनी और राजवीर यादव ने इस शिविर में सक्रिय सहभागिता कर सभी प्रशिक्षण सत्रों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षकों ने इनकी सक्रियता, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की। इन प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान स्काउट आंदोलन के व्यापक उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए समूह नेतृत्व एवं अनुशासित शिविर जीवन की मिसाल प्रस्तुत की।शिविर के समापन समारोह में राज्य मुख्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कोटपूतली स्थानीय संघ के लिए यह गौरव का विषय है कि उसके तीन सक्रिय स्काउट मास्टर राज्य स्तरीय एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त कर क्षेत्र में युवाओं को बेहतर दिशा देने के लिए तैयार हैं।

स्थानीय संघ कोटपूतली के सचिव रामवीर यादव ने इस अवसर पर कहा कि, इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर हमारे स्काउट मास्टरों को नई ऊर्जा, आधुनिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों का और अधिक कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकते हैं। वहीं जिला संगठन आयुक्त जयपुर / कोटपुतली बहरोड़ शरद कुमार शर्मा प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट भागीरथ सिंह मीणा, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड मनोरमा यादव, पप्पू राम यादव, सीताराम गुप्ता, अतुल कुमार आर्य ,संदीप कुमार जांगिड़,देवराज कुमावत सहित स्थानीय संघ कोटपूतली के पदाधिकारी एवं स्काउट मास्टर्स ने तीनों संभागों को बधाई प्रेषित की है।

## अक्षिता ने किया चाकसू कस्बे का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** चाकसू निवासी अक्षिता खांडल पुत्री एडवोकेट रामगोपाल खांडल ने बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में 98.60 प्रतिशत अंक लाकर चाकसू का और परिजनों व समाज का नाम रोशन किया है। अक्षिता ने बताया कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। बस लक्ष्य प्राप्ति का जुनून होना चाहिए। और सकारात्मक सोच के साथ तनाव मुक्त रहकर नियमित अध्यन करना चाहिए जो मैने किया। अक्षिता ने सफलता का श्रेय अपने दादाजी आनंदीलाल शर्मा (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक) एवं माता पिता स्कूल के गुरुजनों को दिया है।अक्षिता ने बताया कि मैं लंबे समय तक पढ़ाई नहीं करती थी परन्तु मैं पढ़ाई में जो समय देती थी वो नियमित होता था।इसके साथ साथ घर के काम में मम्मी का सहयोग करना,खेलना आदि भी दिनचर्या का हिस्सा रहा। अक्षिता की सफलता से पूरे शहर में खुशी की लहर है। रविवार को खांडल विप्र शाखा सभा चाकसू के सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा,अध्यक्ष रामावतार शर्मा,सुनील गौतम ने अक्षिता का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।गिरिराज शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा ब्राह्मण समाज के 6 से 12 क्लास बोर्ड, NEET एवं JEE के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु क्लास 6 से 12 क्लास बोर्ड एवं NEET (मेडिकल परीक्षा) एवं JEE (इंजीनियरिंग परीक्षा) जो राष्ट्रीय स्तर पर मई-जून 2026 में आयोजित होने जा रही हैं, उनमें सम्मिलित होने के इच्छुक विप्र विद्यार्थियों के लिए संस्था के माध्यम से नि:शुल्क ऑनलाइन क्लासेस का शुभारंभ शैक्षणिक नगरी कोटा के विजय सर की टीम के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मई 2025 के दूसरे सप्ताह से किया जा रहा है। इस निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से हमारे समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडिकल फील्ड (डॉक्टर बनने) एवं इंजीनियरिंग फील्ड में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कृपया शीघ्र पंजीकरण करें और संस्था द्वारा प्रायोजित कोर्स से लाभ प्राप्त करें। और लक्ष्य प्राप्ति की और निरंतर आगे बढ़ें।

## अनोखी पहल : जरूरतमंद महिलाओं व बच्चियों को किया मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** नृत्यम सोशल ऑर्गेनाइजेशन जयपुर और रेज कॉर्पोरेशन ने अनोखी पहल करते हुए रविवार को जरूरतमंद महिलाओं और बच्चियों को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना और हेल्थ हाइजीन के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और भामाशाहों के सहयोग से सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। नृत्यम सोशल ऑर्गेनाइजेशन जयपुर की निदेशक काजल सैनी ने बताया कि नृत्यम जयपुर और रेज कॉर्पोरेशन ने मिलकर एक सामाजिक पहल शुरू की है, जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं और बच्चियों को हर महीने मुफ्त सी विंग्स एनियन सैनिटरी पैड वितरित किए जा रहे है। इस कड़ी में पहला वितरण समारोह रविवार को जगतपुरा स्थित आश्रय वेलफेयर सोसाइटी में आयोजित किया गया। यह पहल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगी,बल्कि समाज में स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस दौरान मुख्य सहयोगी फाउंडर नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन नवरत्न सैनी,उपमहामंत्री अश्विनी लाखन सहित सहयोगियों में रेज कॉर्पोरेशन के भीम सिंह कासनिया ,अनिल मूंड,अरविन्द सैनी,सत्यनारायण माली, सुनीता सैनी, डॉ अर्चना भार्गव और मुकेश सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सुनीता सैनी ने बताया कि इस संस्था की ओर से आगामी दिनों में जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर महिलाओं और किशोरियों को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए जाएगे और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## दौवडा माताजी शक्तिपीठ पर उमड़े श्रद्धालु : भजन संध्या हुई, माताजी का हीरे जड़ित स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमेट उपखंड स्थित दौवडा गांव में श्री दौवडा माताजी शक्तिपीठ पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ।दौवड़ा माताजी मंदिर मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर को विशेष प्रकार से सजाया गया। माताजी का हीरे जड़ित स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मंदिर के पाट स्थान को फल और फूलों से सजाया गया। शुक्रवार की रात को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल कलाकार तिलकेश सुथार की गणपति वंदना से हुई।भजन संध्या में धनराज जोशी, हेमलता वैष्णव, गंगा वैष्णव और विजय सिंह चारण ने भजन प्रस्तुत किए। गरिमा चौपड़ा और ज्योति ने नृत्य की प्रस्तुति दी। रात दो बजे माताजी की महाआरती की गई। पुजारियों ने पारंपरिक ढोल-थाली के साथ भाव नृत्य किया। गमेती समाज के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।शनिवार को मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। मेले में खाने-पीने की दुकानें, झूले, डोलर और चकरी सहित घरेलू सामान की दुकानें लगीं। आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद लिया।दोपहर तीन बजे माताजी के भाव दर्शन में आगामी समय की भविष्यवाणी की गई।

इसमें बारिश, सोने-चांदी और अनाज के भावों में उतार-चढ़ाव तथा मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## मीणा समाज की बैठक में अमरसिंहमीणा(पानेडा) को भामाशाह के रूप में किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संगठन की ओर से तहसील कोटपूतली-पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में एक भव्य वृद्धजन, प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी अमरसिंह मीणा(पानेडा) को भामाशाह के रूप में समाज सेवा और योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष शंकरलाल मीणा (कोटपूतली) एवं इंजीनियर दिनेश कुमार (कोटपूतली अध्यक्ष) सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने समाज में एकता, शिक्षा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को गौरवपूर्ण बना दिया।

## शिक्षा के साथ ही खेल गतिविधियों में भी आगे आएं : डॉ. टांक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें बालक-बालिकाओं ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने शिविर में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इसी के साथ उन्हें प्रतिदिन अल्पाहार उपलब्ध कराया। इसके लिए स्कूल की प्रिंसिपल अंजुला जैन ने डॉ. टांक का आभार व्यक्त किया। अतिथि डॉ. ओपी टांक ने इस मौके पर सभी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहने के साथ ही खेल गतिविधियों में भी आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर कठपुतली नगर विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, इकरार खान सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

# कहीं विनाश का कारण ना बन जाएं हीट रिस्क का फैलाव

जलवायु परिवर्तन की दुश्वारियों में से एक देश और दुनिया के देशों में हीट रिस्क के व्यापक प्रभाव से आसानी से समझा जा सकता है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 2011 से 2022 के दशक के अध्ययन के अनुसार देश में हीट रिस्क का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। मजे की बात यह है कि अब दिन की तुलना में रातें भी अधिक गर्म होने लगी है। इसका एक बड़ा कारण आज की भवन निर्माण विधि और शहरों में कंक्रिट का जंगल विकसित होना और अन्य के साथ ही इलेक्ट्रोनिक उत्पाद खासतौर से अत्यधिक उर्जा खपत वाले फ्रीज और कूलर की जगह लेते एयरकण्डीशनर भी एक है। घटते जंगल और आबादी का दबाव भी एक बड़ा कारण है। ऊर्जा के रुप में जो संसाधान उपयोग किये जा रहे है वे भी जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारक बन रहे हैं। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एण्ड वॉटर सीईईडब्ल्यू की हालिया रिपोर्ट अत्यधिक चिंतनीय और हालात की गंभीरता को दर्षाती है। रिपोर्ट की माने तो देश की तीन चौथाई आबादी आज हीट रिस्क की जद में आ चुकी है। देश के 734 जिलों में से 417 जिले तो अत्यधिक जोखिम वाले जिलों में शुमार हो चुके हैं। कम जोखिम वाले जिलों मे तो केवल और केवल 116 जिले ही रह गये हैं। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि वैसे तो हीट रिस्क के दायरें में नोर्थ ईस्ट और उत्तरी भारत के नाममात्र के क्षेत्र को छोड़ दिया जाये तो समूचा देश आज हीट रिस्क के दायरें में आ चुका है। देश के 10 जिले राजस्थान, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश हीट रिस्क की अत्यधिक जद में आये प्रदेश व केन्दशासित राज्य है। ऐसा नहीं है कि हमारे देश में ही हीट रिस्क का दायरा बढ़ रहा है। अपितु अब यह वैश्विक समस्या हो चुकी है। दुनिया के देशों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तेज गर्मी की तपन से हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। जंगलों में दावानल और बैमौसम आंदि तूफान, सूखा या बाढ़ ऐसी समस्यायें आने लगी है जिससे साल दर साल अब अधिक दोचार होना पड़ रहा है। अमेरिक का फर्नेस क्रीक सबसे अधिक गर्म स्थान है तो ट्यूनिशिया का केबिली, कुवैत का मित्रिबाह, ईरान का अहबाज और लुट रेगिस्तान, चीन का फ्लेमिंग आदि स्थान ऐसे है जो सर्वाधिक गर्मी वाले स्थान है। इसके साथ ही मौसम के मिजाज में भी बदलाव आया है। सर्दी में गर्मी और गर्मी में सर्द रात जैसे व असमय आंधी बरसात आम होती जा रही है। गर्मी के दिन बढ़े है। फरवरी तक अब अपनी परंपरागत मौसम का दायरा छोड़ते हुए अत्यधिक गर्मी वाले महीनों में से एक होने लगा है। आखिर यह मौसम का बदलाव भावी संकट की और साफ साफ इशारा कर रहा है। समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अब डूबने का ड़र सताने लगा है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के जंगलों में जिस तेजी से आग की घटनाएं बढ़ रही है वह अपने आप में अलग चुनौती होती जा रही है। बीमारियों का असर बढ़ रहा है। हालात गंभीर होते जा रहे हैं।

हीट रिस्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए आज हीट एक्शन प्लान बनाये जाने लगे हैं। हांलाकि कि यदि केवल सामान्य नागरिकों के बढ़ती गर्मी के कारण होने वाले प्रभाव पर ही बात की जाए तो गर्मी बीमारियों का प्रमुख कारण बनती जा रही है। कई मिलियन मौतों का कारण हीट वेव है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 26 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- नार्वे में चर्च में 1822 में आग लग जाने के कारण 122 लोगों की मौत हो गई थी।
- ब्रिटेन में पेट्रोल खरीदने पर लगी सीमा को 1950 में खत्म कर दिया गया। इससे पहले हर व्यक्ति को
- पेट्रोल खरीदने के लिए राशन कार्ड दिया जाता था।
- जापान में 1983 में आए भूकंप में 104 लोगों की मौत हो गई थी।
- जापान ने 1998 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 50,016 ब्रिटिश सिपाहियों को बंदी बनाया था जिनमें से
- 12,433 की या तो मौत हो गई या उन्हें कैद में मार दिया गया।
- दक्षिण लेबनान से इसराइली सुरक्षा बलों के हटने पर लाखों हिज़्बुल्लाह समर्थकों ने 2000 में अपने नेता शेख़ हसन नसरल्लाह के साथ विजय रैली निकाली।
- चीन का विमान 2002 में समुद्र में गिरा, 225 लोग मरे।
- विज्ञान जगत् में 2006 में एक शोध के मुताबिक एड्स का विषाणु कैमरून में पाए जाने वाले चिपैंजिओं से फैला है।
- भारत और जर्मनी के बीच 2007 में रक्षा समझौता सम्पन्न हुआ।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज व खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के सम्बन्ध में अधिसूचना 2008 में जारी की।

### 26 मई को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक छगनराज चौपासनी वाला का जन्म 1912 में हुआ।
- 'भारतीय जनता पार्टी' (भाजपा) के नेता सरताज सिंह का जन्म 1940 में हुआ।
- अरुणा रॉय का जन्म 1946 में हुआ वो भारत की उन महिलाओं में से एक, जो बेहतर सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ राजनीतिज्ञ भी हैं।
- 'बीजिंग ओलिंपिक' खेलों में भारत के लिए 'कांस्य पदक' जीतने वाले पहलवान सुशील कुमार का जन्म 1983 में हुआ।
- दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर हास्य अभिनेत्री मनोरमा (तमिल अभिनेत्री) का जन्म 1937 में हुआ।

### 26 मई को हुए निधन

- के.पी.एस.गिल का निधन 2017 में हुआ वो पंजाब के दो बार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे थे।
- हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनीतिज्ञ श्रीकांत वर्मा का निधन 1986 में हुआ।

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।**



रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है।

**भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि**

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:।**

**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ।।**

अर्थात: जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है। सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**वृष**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मिथुन**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कन्या**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**वृश्चिक**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**मकर**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

## (आज का परिदृश्य)

# नशे के अपराध का अंधेरा बर्बाद होती नई नस्ल



संजीव ठाकुर

**वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है।**

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है7 नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलत: मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते । केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं ।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**नारायण सिंह भाटी (सेवानिवृत एएसपी)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। अपनी माटी की खुशबु और राजपूताना घराने से जुड़े नारायण सिंह सच में किसी राजा के कम नहीं। जैसलमेर जिले के मोहनगढ पंचायत समिति के कानोद गाँव से निकले शानदार अधिकारी राजस्थान पुलिस की शान सेवा निवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह भाटी। अपने गृह जिले से लगभग 700 से अधिक किलोमीटर दूर अलवर में इन्होंने डिप्टी एसपी सिटी जॉईन किया व यहीं से प्रमोट होकर एडिशनल एसपी बने और यहीं से सेवानिवृत भी हुए। जोरदार व्यक्तित्व ओल्ड पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस के स्लौगन अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास को प्रबल किया व अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगा। अपने कर्मचारी व अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल और अपने उच्चाधिकारियों के साथ शानदार समन्वय इसके व्यक्तित्व को चार चाँद लगाता था। इनकी कार्य करने की शैली और अनुभव इनके अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों ने ही नहीं सीखा अपितू इनके उच्चाधिकारियों ने भी इनकी ओल्ड पुलिसिंग के जरीए अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को सीखा। इससे पूर्व ये भीलवाडा रहे उससे पूर्व ये रेंज आई जी कार्यालय भी रहे। शहर से निकलने वाली शोभायात्रा हो या फिर कोई आन्दोलन रैली। खुद उसकी मोनेटेरिंग करते ताकि कानून और व्यवस्था खराब ना हो। इसके साथ ही रैली या जत्थे के कारण शहर में यातायात व्यवस्था खराब होनें से आम आदमी परेशान ना हो इसका विशेष ख्याल रखते थे। जॉब को कर्तव्य माना और अपने जमीर को अपना बल। इसीलिए सेवानिवृति के बाद भी कर्मचारी व अधिकारी इन्हे अच्छे मन से याद करते हैं। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_024

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 4 | | 6 | | |
| | | | 8 | | | 3 | 5 | |
| | | | | | | | 9 | 1 |
| | 1 | | | | 3 | | 2 | |
| 8 | | 9 | | | | 7 | | 6 |
| | 6 | | 9 | | | | 1 | |
| 2 | 7 | | | | | | | |
| | 5 | 3 | | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 1 | | | |

**Ans_2025_023**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 3 | 5 | 9 | 4 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# तिरंगा यात्रा के दौरान मालपुरा में दिखा देश प्रेम का अनूठा संगम

## जलदाय मंत्री के नेतृत्व हजारो हाथो ने थामा राष्ट्रीय ध्वज, देश भक्ति व सैनिको के सम्मान में गूंजे तराने व हुई नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मालपुरा शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान शहर में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान व देश प्रेम का अनूठा संगम दिखाई दिया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को मालपुरा में विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर से देश भक्ति के तरानो से गूंजते व भारतीय सैनिको की वीर गाथा, शौर्य, साहस के नारो से शहर को गूंजायमान करते हुए हजारो लोग रवाना हुए। इस यात्रा को प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा का नेतृत्व करते हुए स्वयं पैदल रवाना हो गए। यात्रा में मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के हजारो लोग शामिल हुए। यात्रा माणक चोक बाजार, बापू बाजार, आजाद चोक, खवास जी का कटला, ज्योति मार्केट, गांधी पार्क, नवीन मण्डी बाजार, सुभाष सर्किल होते हुए व्यास सर्किल पहुंच कर विसर्जित हुई। रैली में शामिल लोग भारत जिन्दाबाद, भारतीय सेना जिन्दाबाद सहित पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारो से समूचे शहर को गूंजायमान करते हुए चले। तिरंगा यात्रा के दौरान मालपुरा शहर में देश भक्ति व भारतीय सेना के प्रति सच्ची निष्ठा का अनूठा संगम देखने को मिला। यात्रा मे मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र के केवल भाजपाई ही शामिल नहीं हुंए अपितु समूची विधानसभा क्षेत्र से लोग शामिल होकर यात्रा को सफल बनाया।

अंत यात्रा संयोजक डॉ. अकिंत जैन ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी सहित अन्य सभी मौजुद पार्टी पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं सहित यात्रा में शामिल होकर सफल बनाने के लिए सभी क्षैत्रवासियो का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।



### यात्रा का किया अभूतपूर्व स्वागत

भाजपा की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा का मालपुरा शहर में अनेक स्थानो पर अभूतपूर्व स्वागत हुआ। जिसमें कई शहरवासियो ने पुष्प वर्षा कर, कई स्थानो पर रंगोलिया सजाकर स्वागत किया गया।

### महिला शक्ति ने भी थामा तिरंगा

भाजपा की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियो के साथ साथ शहर की अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने भाग लेकर देश भक्ति का परिचय दिया।

**चाक चोबन्द रही सुरक्षा व्यवस्था :-** भाजपा की तिरंगा यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चोबन्द व बेहद कड़ी रही। जुलुस के आगे वृताधिकारी आशिष प्रजापत, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, तहसीलदार पवन मातवा विकास अधिकारी अभिमन्यू पूनिया, डिग्गी थानाधिकारी

### पूर्व सैनिको का किया सम्मान

भाजपा की तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा क्षेत्र के पूर्व सैनिको का सम्मान कर अभिनन्दन किया। इस दौरान पूर्व सैनिको ने विश्वास दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर यदि हमे याद किया जाता है तो वे सहर्ष भारत की सीमा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगें।

### किसने क्या कहा कहा

तिरंगा यात्रा में शामिल होने के बाद पत्रकारो से रूबरू होते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि भारतीय सेनाओ ने आपरेशन सिंदूर में अपने अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम से दुश्मन देश पाकिस्तान की सेना को मुंह की खाने को मजबूर होकर करारी हार का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। यह सभी देशवासियो के लिए गौरव की बात है। हम सभी देशवासी भारतीय सैनिको के साहस, पराक्रम का दिल से आभार प्रकट कर खुशी प्रकट करते हैं। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, तिरंगा यात्रा के संयोजक संत कुमार जैन, सह संयोजक त्रिलोक चन्द जैन , भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, यात्रा प्रभारी डॉ. अकिंत जैन , पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय, रामजीलाल शर्मा सहित अन्य कई लोगो ने विचार प्रकट किए।

## 30 जिलों के लिए गुड न्यूज : कन्या महाविद्यालयों में खुलेंगे आधुनिक पुस्तकालय व अध्ययन सुविधा केन्द्र

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के राजकीय महाविद्यालयों अध्ययनरत बेटियां अब कॉलेज में ही अफसर बनने की तैयारी कर सकेंगी। प्रदेश के कई सरकारी कॉलेजों में राज्य सरकार अध्ययन सुविधा केन्द्र व आधुनिक पुस्तकालय खोलने जा रही है। जहां प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तमाम पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगी और सामान्य परीक्षाओं की तैयारी आजकल कॉलेज के विद्यार्थी निजी लाइब्रेरी में जाकर करते हैं। क्यों कि वहां सारी पाठ्य सामग्री उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थियों के इसी ट्रेंड को देखते हुए राज्य सरकार प्रदेश के 36 कन्या महाविद्यालयों में सुविधा केन्द्र व आधुनिक पुस्तकालय खोलने जा रही है। इनमें चित्तौडग़ढ़, प्रतापगढ़ और भीलवाड़ा के राजकीय कन्या महाविद्यालय भी शामिल हैं। सरकार का मानना है कि कन्या महाविद्यालयों में आधुनिक पुस्तकालय व अध्ययन सुविधा केन्द्र खुलने से छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए पढ़ाई का अच्छा माहौल मिल सकेगा और वे अच्छे वातावरण में बेहतर तैयारी कर सकेंगी। गर्ल्स कॉलेज के पुस्तकालयों में फर्नीचर, विद्युत और सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरण आदि की व्यवस्था की जाएगी। कन्या महाविद्यालयों में अध्ययन सुविधा केन्द्र का उपयोग नियमित छात्राएं व प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाली छात्राएं ही कर सकेंगी। इसके लिए पंजीयन के बाद पाठक पत्रक जारी किया जाएगा। अध्ययन केन्द्र में मोबाइल पर बात करना वर्जित रहेगा। पुस्ताकालयों में वाइ-फाइ, इंटरनेट, कम्प्यूटर, समाचार पत्र, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध कराई जाएगी। पुस्तकालय का समय सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक होगा।

## 17 की उम्र में लव मैरिज, दो बच्चे, फिर भी 23 साल की युवती ने बनाए 25 लोगों से संबंध ये थी वजह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले की मानटाउन थाना पुलिस के द्वारा अरेस्ट की गई अनुराधा पासवान को लेकर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। रिमांड पूरी होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है, लेकिन उसके बारे में यूपी, एमपी और बिहार तक चर्चे हैं। उसका साथ देने वाली गैंग का कोई भी सदस्य अभी काबू नहीं किया जा सका है। इस कारण पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि अनुराधा के बारे में अब अन्य राज्यों के कुछ लोग भी संपर्क कर रहे हैं। सूचनाएं मिल रही हैं कि उन लोगों को भी अनुराधा ने चीट किया था।

### यह है पूरा मामला, कौन है अनुराधा

दरअसल बिहार के एक शहर की रहने वाली अनुराधा पासवान को हाल ही में पुलिस ने अरेस्ट किया है। पता चला कि उसकी उम्र अभी 23 साल है। उसने सात साल पहले ट्रक चलाने वाले विशाल नाम के एक युवक के साथ शादी की थी। इस शादी से तीन और पांच साल के उसके दो बच्चे भी हैं जो फिलहाल विशाल के पास रह रहे हैं। विशाल से अनुराधा ने दो साल पहले नाता तोड़ दिया था और घर छोड़ दिया था। विशाल से उसका तलाक नहीं हुआ है, लेकिन उसके बाद भी अनुराधा ने राजस्थान, यूपी और एमपी में कई शादियां कर लीं। शादी के पांच से सात दिनों के बाद ही अपने दूल्हे को लूटकर वह फरार हो जाती थी।

### पुलिस के पास पहुंचा विष्णु, केस दर्ज कराया तो जुटी पुलिस

इस घटना के बाद विष्णु पुलिस के पास पहुंचा और केस दर्ज कराया। पुलिस ने भी ऐडी से चोटी का जोर लगा दिया और अनुराधा को एमपी से दबोच लिया। वह भोपाल में 26वीं शादी करने के लिए तैयारी में जुटी थी। लेकिन इससे पहले पकड़ी गई। उसके बाद जब उससे पूछताछ की गई तब जाकर ये सारे राज खुल गए कि वह कौन है और उसने कितनी शादियां की हैं। पुलिस उसके पास से अब चुराए हुए जेवर और कैश बरामद करने की कोशिश कर रही है।

## श्री बाबा रामदेव मंदिर में 30 को होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। गाँव गोपालपुरा में सकल पंच समिति के तत्वावधान मेँ श्री बाबा रामदेव जी के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित होने वाले दो दिवसीय महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महोत्सव 30 मई को गणेश स्थापना एवं कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। संत बीरमदेव महाराज के सानिध्य में शुभ मुहूर्त में महंत, मठाधीश और महान विभूतियों के सानिध्य में प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में भजन संध्या एवं अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मई को सुबह गणेश स्थापना और कलश यात्रा से होगी। उसके बाद रामायण पाठ का पठन शुरू होगा और रात को सत्संग जागरण का आयोजन किया जावेगा। इसी प्रकार से 31 मई को सुबह नगर परिक्रमा इसके बाद कलश एवं मूर्ति स्थापना करके हवन का आयोजन होगा। दोपहर को अतिथि सत्कार का कार्यक्रम होगा। उसके महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियों में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकली सिंदूर यात्रा नारी शक्ति ने भारतीय सेना को किया सलाम

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** नारी शक्ति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सिंदूर यात्रा निकाली गयी। यात्रा का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा, नपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने किया। सिंदूर यात्रा कंकाली माता मंदिर से शुरू होकर चौहटी बाजार,सर्राफा बाजार, बड़ा बाजार,बस स्टैंड होते हुए गांधी पार्क पहुंची। शहर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सिंदूर यात्रा का भव्य स्वागत किया।

महिलाओं ने सिर पर सिंदूर और हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। गांधी पार्क पहुंचने पर विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा सहित नारी शक्ति ने महात्मा गांधी का माल्यार्पण कर उनको नमन किया। विधायक राम सहाय वर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने जिस पराक्रम के साथ आतंकियों के ठिकाने को ध्वस्त किया है,यह हमारे लिए गौरव का क्षण है, तीनों सेनाओं ने एकजुट होकर पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। नारी शक्ति जिला उपाध्यक्ष चंद्रकला खंडेलवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर हर भारतीय को गर्व है, हमारी नारी शक्ति सिंदूर यात्रा के माध्यम से भारतीय सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त कर रही है सिंदूर यात्रा के दौरान चन्द्रकला खंडेलवाल जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, संयोजक ममता जाट,शालू कुमावत,ऊषा कुमावत,सावित्री नोगिया, सीमा पारीक,ममता खंगार,नेहा अग्रवाल,सीमा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही।

## खेड़ा शुकलपुरा में होगा सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ

### सफल आयोजन के लिए घर-घर कर रहे है जनसंपर्क

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** गांव खेड़ा शुकलपुरा में निरमाणी अखाड़ा अयोध्या के महंत दिनेशदास नागा महाराज के सानिध्य में सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।

जिसको तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव में जनसंपर्क करके श्रीराम महायज्ञ में सहयोग करने एवं सफल आयोजन के लिए लोगों का आह्वान कर रहे है। श्रद्धालु रंगलाल पटेल पहाडी ने बताया कि 8 जून से गांव खेड़ा शुकलपुरा में आचार्य वेदप्रकाश गौतम के सानिध्य में सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर 8 जून को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद प्रायश्चित संकल्प, दश विधि स्नान, ब्राह्मण वर्ण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि 9 जून को अग्नि नारायण पर्द्भाव एवं हवन का आयोजन होगा। 14 जून को पूर्णाहुति के साथ श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि 8 जून से प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हवन होगा एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् कथा का आयोजन होगा।

## सवाई माधोपुर डीटीओ को जयपुर से किया गिरफ्तार

### एएसपी सुरेंद्र शर्मा के बाद एसीबी की बड़ी गिरफ्तारी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर एसीबी के एएसपी सुरेंद्र शर्मा की गिरफ्तारी के बाद फिर से सवाई माधोपुर में एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। अब जयपुर एसीबी की टीम ने सवाई माधोपुर के जिला परिवहन अधिकारी पून्याराम मीणा को गिरफ्तार किया है।

**सवाई माधोपुर डीटीओ हुए गिरफ्तार :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि दिनांक 19 मई को सवाईमाधोपुर एसीबी के पूर्व प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा एएसपी एवं दो दलालों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया था। जिसमें परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों अधिकारी/कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। जिस पर एसीबी के डीआईजी राजेश सिंह के सुपरविजन में एसीबी जयपुर के विशनाराम एएसपी अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में रविवार को राजकुमार शर्मा सीआई मय टीम के कार्रवाई करते हुए आरोपी पुन्याराम मीणा को सीबीआई फाटक जगतपुरा से डिटेन किया गया। आरोपी से अनुसंधान किया जाकर संलिप्तता के पुख्ता साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी पुन्याराम मीणा जिला परिवहन अधिकारी जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ और कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले एएसपी सुरेंद्र शर्मा के साथ सवाई माधोपुर के दो दलाल रामराज मीणा और प्रदीप उर्फ बंटी पारीक को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसके बाद अब यह बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है।

## नवनियुक्त भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा का जैन समाज ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा दिगम्बर जैन नसियां मंदिर में भाजपा शहर मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन छाबड़ा का जैन समाज के लोगों ने राजस्थानी परम्परानुसार पगड़ी एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि नितिन छाबड़ा का भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त होने पर छाबडा को शिखरचंद काला, सुनील भाणजा, रिंकु झांझरी, विनोद जैन, विमल गिन्दोडी, सुशील गिन्दोडी, राकेश संघी, नवरत्न टोंग्या एवं पवन बोहरा सहित लोगों ने राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने जैन समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

## फिल्मी सितारों की 'फर्स्ट चॉइस' बन रहा रणथंभौर वेब सीरियल की शूटिंग में जाने-माने सितारे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** यूं तो सवाई माधोपुर का रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान बाघों के स्वच्छंद विचरण के लिए तो विश्व पटल पर ख्याति प्राप्त है ही, लेकिन अब फिल्मों की शूटिंग के लिए भी निर्देशकों व कलाकारों की पहली पसंद बनता जा रहा है। गौरतलब है कि अब तक यहां कई फिल्मों व धारावाहिकों की शूटिंग की जा चुकी है।

अभी चन्द दिनों पहले ही में एक वेब सीरिज की शूटिंग रणथम्भौर रोड स्थित एक होटल में हुई है। इस दौरान सीआईडी सीरियल में इंस्पेक्टर दया का किरदार निभाकर मशहूर हुए दयानंद शेट्टी, अभिनेता कुणाल खेमू, अभिनेत्री नेहा धूपिया आदि ने अहम भूमिका निभाई है।

**अब तक इनकी हुई शूटिंग :** जिले में रणथम्भौर व आसपास के क्षेत्रों में अब तक चार फिल्मों व दो धारावाहिकों की शूटिंग की जा चुकी है। इनमें 2003 में संजयदत्त व उर्मिला मंतेडकर अभिनीत फिल्म दौड़, 2017 में सैफ अली खान की कप्तान, 2000 में धारावाहिक टीपू सुल्तान व एक अन्य धारावाहिक के दृश्य भी यहां फिल्माए जा चुके हैं।

**वन्यजीवों की डॉक्यूमेंट्री पर भी हो रहा काम :** इसके अतिरिक्त रणथम्भौर के बाघ बाघिनों पर भी डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में भी मछली पर नल्ला मुत्थु ने दा मोस्ट फेमस टाइगर मछली ने 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। इस डॉक्यूमेंट्री को अब तक 147 देशों में प्रदर्शित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त रणथम्भौर की बाघिन कृष्णा पर भी डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है।

**यह है कारण :** विशेषज्ञों की मानें तो रणथम्भौर में बाघ बाघिनों की साइटिंग अन्य टाइगर रिजर्व की तुलना में सहजता से होती है। इसके चलते यहां डॉक्यूमेंट्री का निर्माण अधिक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जंगल व कई किले व दुर्ग होने के कारण यह फिल्म मेकरों की पहली पसंद है।

### बड़े शहरों से आसानी से कनेक्टिविटी

रणथम्भौर प्राकृतिक सुंदरता का भण्डार है। यहां अब तक चार फिल्मों की शूटिंग की गई है। साथ ही रणथम्भौर दुर्ग का ऐतिहासिक दुर्ग का महत्व है। बड़े शहरों से आसानी से कनेक्टिविटी के कारण रणथम्भौर व जिले में फिल्म शूटिंग के लिए पंसद किया जा रहा है।

**मधुसूदन सिंह, सहायक निदेशक, पर्यटन, सवाईमाधोपुर।**

## प्रधानमंत्री मोदी व भारतीय सेना पर भारतीयों को गर्व है- रामसहाय वर्मा

### सिरस में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

बढ़ता राजस्थान




**निवाई/सिरस (का.स.)।** उप तहसील मुख्यालय सिरस में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा ने दादू पंथी बालाजी के मंदिर से विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने उत्साह पूर्वक हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता, मोदी है तो मुमकिन है एवं भारत के वीर जवानों के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जयकारों से वातावरण देशमय व गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा बस स्टेण्ड होते हुए फकीर मोहल्ला, मुख्य बाजार, काली स्कूल होते हुए शिव मंदिर पहुंची। जहां तिरंगा यात्रा सभा के साथ संपन्न हुई। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भारत के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय सेना पर गर्व है। तिरंगा यात्रा में नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजयवर्गीय, भाजपा नेता रामदेव प्रजापत नाटवाड़ा, श्यामलाल योगी श्योसिंहपुरा, पूर्व सरपंच अमरसिंह बस्सी, सीआर शोभाग खंगार, गहलोद मंडल अध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर, रामप्रसाद शर्मा, आशाराम डोई, नारायण यादव, मुकेश प्रजापत, प्रवीण पहाड़ी, जगराम मीणा, बबलू प्रजापत, डीआर नरेश नायक, शिवदयाल जांगिड़ व मुकेश कीर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ मिला 57 वर्षीय वृद्ध का शव

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** नला रोड समीप रेलवे ट्रैक के पास शनिवार की रात करीब 7.45 बजे एक 57 वर्षीय वृद्ध की अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। सूचना पर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा मय पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वृद्ध को निजी वाहन से उप जिला अस्पताल निवाई लाए। जहां इमरजेंसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों से मृतक की पहचान मानसिंह (57) पुत्र सवाई सिंह निवासी दाबडदुंबा तहसील टोडारायसिंह के रूप में की। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को रात में ही दे दी।



# जनसुनवाई में बोले नेता प्रतिपक्ष जनता परेशान और सांसद और विधायक सुन रहे हैं मन की बात

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर अपने दिल्ली दौरे से पहले जनसुनवाई की, इस दौरान बड़ी संख्या में अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे लोगों कि समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। जूली बोले देश और प्रदेश के हालात खराब है और देश के पीएम मन की बात कर रहे हैं और प्रदेश के मुखिया दिल्ली में हाजिरी लगा रहे हैं। उन्होनें कहा कि अलवर की जनता पानी और बिजली जैसी समस्याओं से जूझ रही है और यहां के सांसद और विधायक एक साथ बैठकर मन की बात सुन रहे हैं। जूली ने कहा कि मन की बात सुननी है तो अलवर की जनता के मन की बात सुनो वह आपके राज में बहुत परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता के मन की आवाज सुनने के लिए आपके पास वक्त नहीं हैए लेकिन पीएम को सुनने के लिए आपके पास समय हैएअच्छी बात हैएआपकी पार्टी के बड़े नेता हैं और देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन स्थानीय जनता ने आपको बड़ी उम्मीद के साथ चुनकर जनप्रतिनिधि का एक प्रमुख भार सौंपाए जिस पर आप खरे नहीं उतर पा रहे हैंए केवल बयान बाजी से जनता की प्यास और बिजली आपूर्ति की समस्या को हल नहीं किया जा सकता।

**जूली बोले एक रात की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल:**–नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि नौतपा से पहले एक दिन पूर्व आई बारिश ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का दम भरने वाली भारतीय जनता पार्टी के राज में अलवर की सड़कों पर चारों तरफ नाले से निकला कचरा ही नजर आ रहा है जिससे आम आदमी बेहद परेशान है पूरा शहर एक टापू के रूप में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व एक बारिश ने ही पूरे सरकारी सिस्टम को डुबोकर रख दिया। उन्होनें कहा कि भाजपा के शहर विधायक और महापौर होने के बावजूद भी अलवर शहर की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। नगर परिषद से नगर निगम में क्रमोन्नत होने के बाद भी अलवर शहर की जनता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।उन्होंने कहा कि स्टेटए सेंटर व निगम का बोर्ड बीजेपी का है फिर भी जनता अपनी समस्याओं के लिए दर.दर की ठोकरे खा रही है।

**आएगा पानी की दुहाई,जल्द होगा विद्युत तंत्र मजबूत, आखिर कब तक जनता सुनेगी यह जुमले :-** नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि आएगा पानीए आएगा पानी की सरकार के नुमाइंदे दुहाई दे रही है बिजली तंत्र जल्द होगा मजबूतए आखिर कब तक यह जनता आपके यह जुमले सुनते रहेगी। उन्होंने कहा कि धरातल पर जाकर काम कीजिए, ईआरसीपी आखिर कब तक अलवर की जनता की प्यास बुझाएगी, यह सार्वजनिक कीजिए ताकि लोगों को भी यह पता लगे की कुछ काम किया जा रहा है।

**जूली बोले सरकार के मंत्री और अधिकारी बना रहे जनता को बेवकूफ :-** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के मंत्री और विभागीय अधिकारी जनता को बेवकूफबना रहे हैं। अलवर की जनता ने जिस उम्मीदों से इन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना यह अपने वादों पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं।



# अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फैलोशिप द्वारा नि:शुल्क मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर जाँच शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को माह के अंतिम रविवार को स्थानिय संघ कार्यालय कंपनी बाग, अलवर में प्रात: भ्रमण के लिए आने वालों के लिए नि:शुल्क बी.पी, शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज का शिविर जिला सचिव एवं आजीवन सदस्य श्री सुरेन्द्र कुमार सोनी जी के सौजन्य से आयोजित किया गया । इस मौके पर सदन के समक्ष जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने वरिष्ठ सदस्य शंभू दयाल शर्मा के कामों की सराहना करते हुए बताया कि शिविर के एक दिन पूर्व हर माह आकर पूरे कैंपस की सफाई एवं रख रखाव बिना किसी के कहे करके जाते है जिससे साफ प्रतीत होता है कि वो संस्था के प्रति कितने सजग है तथा इस उम्र में भी पूरी आत्मीयता के साथ सेवारत है । कल भी आंधी तूफान आने पर सारी गंदगी को अकेले खुद शंभू जी ने आकर साफ किया क्योंकि आज सुबह शिविर लगना था। सर्वप्रथम सभी सदस्यों एवं जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता द्वारा ईश वंदना कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में लगभग 690 महिलाए पुरूषों ने बी पी एवं शुगर की जांच करवा कर तथा वजन जांच कर कैंप का लाभ उठाया। कैंप के बाद सदस्यों ने मीटिंग में यह भी निर्णय लिया कि बी पी, शुगर कैंप के अलावा यूरिक एसिड की नि:शुल्क जांच को नियमित रखा जाए। आज के कार्यक्रम में संरक्षक हरीश कालरा, जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, स्टेट सहसचिव एवं जिला सचिव ताराचंद अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश भट्ट, उपाध्यक्ष . बालाराम निमेश, जितेंद्र गुप्ता, लता रानी शर्मा, श्रीमति मंजू शर्मा, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता, शंभू शर्मा, राजेंद्र अरोड़ा, राजेश शर्मा, अनिल बंसल, सीताराम शर्मा, गोविन्द गोयल, प्रवीण शर्माए राहुल शर्मा, गजेन्द्र यादव, सत्यनारायण अग्रवाल, सीताराम तुलसा शर्मा, श्रीमति आशा कालरा, प्रमिला गुप्ता, कविता यादव, पूनम गोयल सहित एस जी एफसदस्यों ने सहयोग किया।

# अलवर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

## 46 ओपीडी से लाभान्वित एवं 4 मरीजो का नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** रविवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल, आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया । इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 46 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद ;लेंस प्रत्यारोपणद्ध के ऑपरेशन हेतु 04 लोगो का आज चयन किया गया। शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर हर माह की 25 तारीख को अलवर के शिवाजी पार्क में स्थित युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया जाता है क्योकि शिवाजी पार्कए बुध बिहारए हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है अत: एक मीटिंग के अंतर्गत ये निर्णय लिया गया था कि उस क्षेत्र में जगह का चयन करके जल्द ही कोई नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन कराया जाए ! इस बात को सुनते ही लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एवं युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर एम जे एफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल एवं एम जे एफ डॉ वी के अग्रवाल साहब ने अपने संस्थान में कैम्प करने की हर माह की 25 तारीख को शिविर करवाने की सहमती व्यक्त की थी । आज शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ.महेश जैन एवं उनकी टीम बीना ओमप्रकाश, आर सी बोस, मुकेश ने अपनी नि:शुल्क सेवाये प्रदान करी तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को नि:शुल्क दवा भी लायंस क्लब अलवर मत्स्य की तरफ से वितरित की गयी । अलवर जिला स्काउट गाइड की सदस्य प्रमिला गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण रोग से पीड़ित कुल 04 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में दिनांक 26 मई को किये जायेंगे। मरीज को रहने, खाने.पीने, लेंस, ऑपरेशनए चश्मा दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णत: नि:शुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी। शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम जे एफ लायन डॉ मंजू अग्रवालए लायन डॉ. महेश जैन, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन महेश धानावत,लायन शकुन्तला धानावत,लायन गोविन्द गोयल, लायन वी.के.अग्रवाल तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फैलोशिप से संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, प्रवीण, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ.अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया।

# ब्राह्मण समाज राजगढ़ ने निकाली भगवान परशुराम शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** रविवार को श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा भगवान परशुराम शोभायात्रा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ हुआ। शोभायात्रा को जिला ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष विशम्बर दयाल वशिष्ठ व राजगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कस्बे के श्री ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर गोविंद देव बाजार, चौपड़ बाजार, बस स्टैंड होते हुए श्री ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, राम दरबार, शंकर भगवान की मनमोहक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा का कस्बे में जगह–जगह स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शीतल जल व ठण्डाई की व्यवस्था की गई। इस दौरान राजगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, सचिव मनोज जैमन, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, दिनेश बोहरा, महेश पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

# टपूकड़ा (भिवाड़ी) में तेज आंधी से गिर गई मकान की दीवार, बच्ची और गर्भवती महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** भिवाड़ी के पास टपूकड़ा क्षेत्र की लम्बी की ढाणी, दुरू मियां की कोठी के पास शुक्रवार रात आए तेज अंधड़ में एक मकान की तीसरी मंजिल की चार इंच मोटी दोनों तरफ की दीवारें ढह गईं। हादसे में परिवार के चार लोग दीवार के नीचे दब गए। इस दर्दनाक हादसे में एक साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में राहुल (25), उसकी पत्नी सुमैया (23), उनकी एक वर्षीय बेटी और राहुल का मामा का लड़का मोमिन (18) दीवार के नीचे दब गए। सभी को रात करीब ढाई बजे टपूकड़ा सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। राहुल के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसके सिर में 10 टांके आए, साथ ही पैर में सूजन पाई गई। पत्नी सुमैया के दोनों घुटनों में चोटें आईं, और उल्टे पैर में तीन टांके लगे। गर्भवती सुमैया के पेट में आठ महीने का बच्चा था, जिसकी अलवर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद सुमैया और राहुल को अलवर रेफर किया गया, लेकिन गंभीर अवस्था में सुमैया ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना की जानकारी राहुल के छोटे भाई तासीर पुत्र जमालुद्दीन ने दी।

# शनिदेव मंदिर में मंगलवार को निकलेगी कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** माता शीतला सेवा समिति के तत्वाधान में 27 मई मंगलवार को प्रात: 8 बजे गणेश पोल से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा गणेश पोल से प्रारंभ होकर पंडित भवानी सहाय चौक, चौपड़ बाजार व मालाखेड़ा बाजार होते हुए शीतला माता मंदिर परिसर में नवनिर्मित शनि देव मंदिर पर पहुंचेगी। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि नवनिर्मित शनि देव धाम मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर एक बैठक रखी गई थी। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया था कि मंगल कलश यात्रा के पश्चात शनि मंदिर पर पूर्ण विधि विधान के साथ सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरण किया जाएगा। माता शीतला सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष खेम सिंह आर्य ने बताया कि मंगलवार शाम 7 से सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा।

**बैठक में निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे :** बैठक में भारत भूषण भट्ट, एडवोकेट योगेश व्यास, रिटायर्ड पुलिस कर्मी सियाराम शर्मा, समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा, शिवदत्त भारती, विजेंद्र मिश्रा, गिर्राज प्रजापत, छोटेलाल सैनी, पुजारी गिरधारी लाल ज्योतिष, एडवोकेट भारत सिंह नरूका सहित सदस्य उपस्थित रहे।

# बाबा मोहन राम खोली धाम की 127वीं परिक्रमा का भव्य आयोजन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**भिवाड़ी ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद व बाबा मोहन राम जागृति मंडल (भिवाड़ी)के संयुक्त तत्वावधान में बाबा मोहन राम खोली धाम की 127 वी परिक्रमा का मनमोहक आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा भंडार में सुंदर भंडारे की व्यवस्था की गई जिसमें करीब 1100 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। परिक्रमा मार्ग गोधान शिव मंदिर पर प्रदीप भेडी परिवार और मित्रों ने बहुत सुंदर छाछ लस्सी का प्रसाद व्यवस्था किया । इस अवसर पर बाबा मोहन राम जाग्रति मंडल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने इस माह में जिनका जन्म दिन व मैरिज एनीवर्सरी है उन सभी को शुभकामनाएं दी,और पॉलीथीन की थैलीयो का बहिष्कार करे और कपड़े से बने थैला का उपयोग करे , जिससे हमारी गाय माता भी प्लास्टिक खाने से बचेगी। वही बाबा मोहन राम जागृति मंडल के सचिव अर्जुन गुप्ता ने कहा कि फलों के बीज को इक्कठा कर उसे हम बीज पर मिट्टी या गौ माता का गोबर लगा कर रख लेवे और आने वाली 28 जुलाई को परिषद का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा जिसमें हम सीड को परिक्रमा मार्ग में बोएंगे जाएगा, और प्रशासन के तरफ से भिवाड़ी को स्वच्छ रखने की अपील को ध्यान में रखते हुए परिक्रमा परिवार ने संजीवनी वट के नीचे सफाई शुरू कर इस अभियान का श्री गणेश किया परिषद के सचिव अनिल सिंघल आज पृथ्वी राज चौहान और महाराणा प्रताप की जयंती पर नमन किया ,और उनके जीवन की विस्तृत जानकारी दी। इस पावन अवसर पर बाबा मोहन राम जागृति मंडल के वित्त सचिव अभय चौहान और महिला प्रमुख साधना यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सैनिकों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ता ने निकाली तिरंगा यात्रा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** ऑपरेशन सिन्दूर की गौरवशाली सफलता पर भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों के सम्मान में राजपुर धमरेड़ मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के शौर्य को सलाम किया। राजपूर धमरेड़ भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के जज्बे के साथ मोतीवाड़ा स्टैंड से तिरंगा यात्रा निकाली जो प्रमुख मार्गो से होते हुए राजपुर, सकट होते हुए जोनेटा पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात का 122 हुआ एपिसोड सुनना। कार्यक्रम में जिला पार्षद राजेंद्र तिवारी की ओर से सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल किशोर सेठी, दयानंद लाम्बा, महामंत्री कमलेश जांगिड़, कृष्ण अवतार शर्मा श्रीचंदपुरा, मानसिंह गुर्जर, गोपाल लाटा, युवा महिला मोर्चा से निर्मला शर्मा, नेमीचंद नीमला, विष्णु शर्मा, सुरेश शर्मा, शेर सिंह गुर्जर, नरेंद्र शर्मा,जीवन राम नट, गौरी शंकर शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों से समाज को मिलती है प्रेरणा : इंद्राज गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** गुर्जर समाज द्वारा विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाओं का घर–घर जाकर सम्मान किया गया। गुर्जर समाज के प्रमुख सदस्य इंद्राज गुर्जर ने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थी न केवल समाज के लिए गौरव हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। उन्होंने बताया कि समाज में जागरूकता लाने और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उनकी टीम ने यह पहल की है। इस अभियान के तहत कक्षा 12वीं में 90न्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इंद्राज गुर्जर ने कहा, जब तक बालक शिक्षा ग्रहण नहीं करेंगे, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। हमारी टीम का लक्ष्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने यह भी बताया कि 90न्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन एक विशेष उद्देश्य से किया गया, जिसका खुलासा बाद में किया जाएगा। साथ ही, कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी सम्मान के योग्य बताते हुए भविष्य में उनके सम्मान की बात कही। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. कर्नल किरोड़ीलाल बैंसला की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया और उनका मुंह मीठा कराया गया। इंद्राज गुर्जर ने जोर देकर कहा कि गुर्जर समाज हमेशा प्रतिभाओं का सम्मान करता रहेगा और उनका उत्साहवर्धन जारी रखेगा।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में शीशराम रावत, हीरालाल धाबाई, रणजीत कसाणा (समाजसेवी), खेमचंद गुर्जर (सरपंच), इंद्राज गुर्जर (अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बानसूर), लीलाराम कसाना, रमेश गुर्जर, बजरंग गुर्जर, लक्ष्मण रावत, धोलाराम पंच सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सैनी विकास समिति राजगढ़ की आम सभा की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** सैनी विकास समिति राजगढ़ की आम सभा की बैठक एच एस मैरिज गार्डन में समिति के अध्यक्ष प्रभु दयाल सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में गठित 13 सदस्यीय कमेटी द्वारा तैयार किए गए विधान को पढ़कर सुनाया गया। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्षपूर्वक सहमति देते हुए पारित किया। विधान में शिक्षा, समाज का पुस्तकालय, एवं समाज द्वारा बनाई गई चार उप–समितियों की भूमिका तथा उनके आय–व्यय के ब्यौरे पर चर्चा की गई। साथ ही समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों पर भी गहन विचार–विमर्श हुआ और उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता सराहनीय रही। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

## संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक मे देश बचाने का आव्हान

# भाजपा मे अब व्यक्ति पूजा, नीतियां हाशिये पर : गुंजल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कांग्रेस की ओर से प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की तैयारी को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओ ने केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। देश में संविधान की मर्यादाओं को तार-तार करने और वर्तमान मे, पूरी बीजेपी व्यक्ति विशेष की पूजा में लगी हुई है।देश में जैसे कोई तानाशाह राज कर रहा हो लोकतंत्र तो अब रहा ही नहीं, विरोधियों को दबाया जा रहा है हो सकता है। मोदी चुनाव जीत जाए लेकिन भारत की आत्मा और भारत हार रहा है।

**राष्ट्र प्रथम के वाक्य को भूली भाजपा :** जब हम भारतीय जनता पार्टी मे आये थे तब हम कहते थे व्यक्ति से बड़ा दल, दल से बड़ा समाज और समाज से बड़ा राष्ट्र, लेकिन मैंने पिछले दस वर्षों में बहुत तेजी से उन बदलाव को देखा है। व्यक्ति से बड़ा दल, दल से बड़ा समाज और समाज से बड़ा राष्ट्र की बात करने वाली पार्टी में सिर्फ और सिर्फ व्यक्ति की पूजा हो रही है। राष्ट्र गौण हो गया, सरकारे गौण हो गई, विचारधारा गौण हो गई यह बात पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल में अपने



नयापुरा स्थित कार्यालय में संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कही। गुंजल ने कहा इस समय देश बहुत ही चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में से गुजर रहा है देश की राजनीति में किसान गायब हो गया, नौजवान गायब हो गया, बेरोजगारी जैसा मुद्धा हवा हो गया।

धार्मिक उन्माद देश की राजनीति का आधार बन गया हैं। देश में संवैधानिक संस्थाओं पर और संविधान के मानने वालों पर भाई का वातावरण है इस भाई के वातावरण से देश को मजबूत आवाज देने के लिए ही कांग्रेस ने अपनी संविधान बचाओ यात्रा शुरू की है। इसी क्रम में आगामी 31 मई को कोटा में भी संविधान बचाओ रैली होनी है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जी व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जी जूली सहित कांग्रेसी कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने देश की सारी संस्थाओं चाहे सीबीआई हो ईडी हो सबको अपनी जेब में रख रखा है। संविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। बैठक को देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष राखी गोतम,मंजूर तंवर, अनूप ठाकुर, शिवराज गुंजल, ने भी संबोधित किया । संचालन हेमन्त चतुर्वेदी ने किया।

## महाराणा प्रताप जयंती पर रावतभाटा में आयोजित चित्रकला व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा परमाणु ऊर्जा की विभिन्न इकाइयों द्वारा मनाई जा रही 57 वी महाराणा प्रताप जयंती समारोह के विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप जयंती समारोह शोभा यात्रा समिति क्षत्रिय समाज, रावतभाटा के तत्वावधान में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय नंबर चार के प्रांगण में आज महाराणा प्रताप की जीवनी एवं मेवाड़ के ऐतिहासिक जानकारी की चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक मान सिंह सोलंकी ने बताया की प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए महाराणा प्रताप के जीवन पर निबंध एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रतियोगिता तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी मेहता (कक्षा 9)द्वितीय स्थान अनुरिका ठाकुर (कक्षा 9) और तृतीय स्थान पर उमेश बारिक (कक्षा 9) रहीं और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्ष दुबे (कक्षा 8)द्वितीय स्थान भूमिका अत्रे (कक्षा 7) तृतीय स्थान पर नैतिक (कक्षा 8) रहीं इनके अलावा दोनों प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर समारोह में उपस्थित प्रमुख अतिथि महाराणा प्रताप जयंती समारोह शोभा यात्रा समिति के महासचिव शेर सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष रघुराज सिंह, सदस्य राजेंद्र सिंह चौहान क्षत्रिय समाज समिति रावतभाटा के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह हाड़ा, महासचिव चन्द्र सिंह भाटी, मुख्य सलाहकार डी पी सिंह रिपेंद्र सिंह लखनोत, आर आर साइट सीटू अध्यक्ष विकास चौहान,, व सुपरवाइजर एसोशिएशन के पूर्व महासचिव उपेंद्र बारस्कर ने छात्र छात्राओं द्वारा महाराणा प्रताप की जीवन पर प्रकाश डाल कर समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन कर सराहना की और कहा कि अत्यंत सुंदर, प्रेरणादायक एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यह आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, ऐतिहासिक ज्ञान एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में अत्यंत सफल सिद्ध होगा। क्षत्रिय महिला समिति अध्यक्षा राजकुमारी चौहान एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती संध्या कंवर हिमानी कवर उपस्थिति रही।

## कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जादम बने जिलाध्यक्ष चांगगेट पर किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अग्रिम संगठन अखिल भारतीय संगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेशाध्यक्ष सुरजमल कर्दम ने प्रदेश सचिव रामेश्वर मेवाड़ा की अभिशंषा पर जादम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जादम की नियुक्ती को लेकर रविवार को चांगगेट पर कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर आतिशबाजी भी की। श्री जादम की नियक्ति को लेकर अन्य कांग्रेसी नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत करना है। श्री जादम पूर्व में ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विकास दगदी, मेघराज बोहरा, संदीप सांखला, धनन्जय गौड़, रामदास लक्खन, शाहरुख खान, सत्तार भाई, प्रवीण गोयल, नरेन्द्र चौहान, श्याम सैन, पूरणसिह, रामसिंह, चन्द्रशेखर शर्मा, मोहनलाल मालवीया, बालूराम सैन सहित सैकडों कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# भारत का संकल्प आतंकवाद का खात्मा : राकेश जैन

## भाजपा ने मोदी के मन की बात का 122 वाँ संस्करण देखा व सुना

### भाजपा नवनियुक्त बोरखेडा मण्डल कार्यकारिणी का किया स्वागत अभिनंदन -राकेश जैन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के आव्हान पर भाजपा कोटा शहर द्वारा 25 मई 2025 को अपने सभी 14 मंडलो में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें संस्करण को देखा व सुना गया । कार्यक्रम संयोजक उपाध्यक्ष देवेंद्र राही ने बताया मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। इस एपिसोड में उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा अब भारत का संकल्प आतंकवाद का खात्मा हैं। संसार ने भारत के आत्मनिर्भरता को देखा। भारतीय सेना के पराक्रम को देखा। भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाकर सीमा पार आतंक के ठिकानों का खात्मा




किया।प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग की सराहना की, जिन्हें उन्होंने 'ड्रोन दीदी' कहा। उन्होंने बताया कि ये महिलाएं कृषि क्षेत्र में नई क्रांति ला रही हैं और आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती को सशक्त बना रही हैं।प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के कटेझरी और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जैसे माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में हुए सकारात्मक परिवर्तन की चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये क्षेत्र अब विकास और प्रगति के प्रतीक बन गए हैं, जो सरकार की प्रभावी रणनीतियों और स्थानीय समुदायों की सहभागिता का परिणाम है । प्रधानमंत्री ने गुजरात के गिर वन क्षेत्र में एशियाटिक शेरों की संख्या में हुई वृद्धि की सराहना की। प्रधानमंत्री ने सीबीएसई द्वारा शुरू की गई 'शुगर बोर्ड' पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य बच्चों में चीनी की खपत के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने इस तरह की पहलों को कार्यालयों, कैंटीनों और अन्य संस्थानों में भी लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया । इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे इन सकारात्मक प्रयासों से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बोरखेड़ा मंडल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने कहाँ की भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने भाजपा बोरखेड़ा मंडल पदाधिकारी महामंत्री प्रसन्न माहेश्वरी, नरेश मेघवाल उपाध्यक्ष मेघश्याम सिंह राघव, रमेश नागर, अर्चना भार्गव, छीतरलाल लश्करी, पुरुषोत्तम सुमन, केशव सिंह , मंडल मंत्री मोना अवस्थी , कीर्ति शर्मा , चंद प्रकाश शर्मा , सपना त्रिपाठी , नरेश सोलंकी , कोषाध्यक्ष हरिओम सुमन, लाभार्थी प्रमुख धनराज नागर, प्रबुद्ध जन प्रमुख चंद्र प्रकाश नागर और, युवा प्रमुख राजकुमार वर्मा, महिला प्रमुख रजनी मोदी, आई टी दुष्यंत नागर सहित सम्पूर्ण कार्यकारणी को पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित दी।

इस अवसर पर बोरखेड़ा मंडल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी,मण्डल प्रतिनिधि सुरेश सिंह जादोन, वरिष्ठ नेता विशाल शर्मा, महावीर नायक बिल्लू, मन की बात कार्यक्रम सह संयोजक कुलदीप सिंह तलवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज वात्स्य आदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही सभी 14 मंडलो में भी भाजपा ने सभी वार्डो में मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना ।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में सैनिको के सम्मान मे भव्य तिरंगा वाहन रैली का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ऑपरेशन सिंदूर की गौरवपूर्ण सफलता के शुभ अवसर पर मां आशापुरा माता मंडल के तत्वावधान में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को सम्मानित करने हेतु 25 मई 2025 को एक विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा और पूरे ब्यावर शहर में देशप्रेम का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

मंडल महामंत्री हिमांशु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली चांग चितार रोड स्थित ॥.रु पैलेस से आरंभ हुई और प्रेम प्रकाश आश्रम, हेडा हॉस्पिटल, खुशी केक, गीता भवन, पीपली चौराहा, चंदू डीजे, राजा साहब,



सनातन स्कूल तथा चमन चौराहा होते हुए चांग गेट गांधी सर्किल पर सम्पन्न हुई। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवाओं न हाथों में तिरंगा थामे और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ युवाओं ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इसके अतिरिक्त, ब्यावर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई।

नगर के विभिन्न मार्गों पर क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ गया। मण्डल महामंत्री कृष्णा भूतड़ा ने बताया कि रैली में कई कार्यकर्ता शामिल हुवे जिनमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पवन जैन जिला मंत्री शिवप्रकाश सामरिया अनुसूचित जनजाति मोर्चा अजमेर देहात जिलाअध्यक्ष चेतन गोयर, अध्यक्ष विजय दगदी, कृष्णा भूतड़ा,,यज्ञेश शर्मा , देवकीनंदन शर्मा, मंजू जांगिड़, चंद्र विजय सिंह, नवीन मेहता, राजेश जांगिड़, दिलीप शर्मा, कुंज बिहारी, कारण साहू , अनिल साहू, सिद्धार्थ पंडित, पुष्पा आसवानी, बजरंग प्रजापति, श्रीकिशन जांगिड़, सुरेश व्यास, सुरेश गहलोत, आशीष शर्मा, लोकेंद्र सिंह , भुवनेश शिशोदिया , गोलू पहलवान, कुशल डागर, मनमीत सिंह, जसप्रीत सिंह, चिराग, अनमोल सिंह, राजवीर, मेहुल, प्रबल, चंदन काकाणी, विपिन गुजराती, अनमोल सिंह, विनय गुजराती, रोहित, अमन, मनीष, प्रवीण गोयर, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## अमर शहीद बंशीलाल गुसाईवाल की प्रतिमा का अनावरण, सभी की आंखें हुई नम

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर ग्राम कुचील की धरती आज देशभक्ति के जज़्बे से सराबोर हो गई। जब अमर शहीद बंशीलाल गुसाईवाल की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी और राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैंकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और नम आंखों से अपने लाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया शौर्य को नमन :** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मंच से संबोधित करते हुए कहा, शहीद बंशीलाल गुसाईवाल जैसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्रता की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। वे हमारे देश की आत्मा हैं। इनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज यह मूर्ति नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है - हर युवा को अपने कर्तव्य की याद दिलाने वाली जीवित चेतना। और कहा कि राज्य सरकार शहीदों के परिजनों का मान-सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल संसाधन, सड़क और शिक्षा के विकास की योजनाओं का उल्लेख करते हुए



उन्होंने ग्राम कुचील को प्राथमिकता देने की बात कही। मंत्री रावत ने यह भी घोषणा की कि ग्राम कुचील में शहीद स्मारक स्थल के आस-पास विकास कार्यों के लिए यथासंभव सहयोग किया जाएगा, जिससे यहां आने वाली पीढ़ियां इस प्रेरणादायक स्थल से जुड़ाव महसूस कर सकें।

**केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने दी श्रद्धांजलि :** कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने भी उपस्थित होकर शहीद बंशीलाल गुसाईवाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, शहीदों की गाथाएं देश की असली धरोहर होती हैं। बंशीलाल जी का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार शहीदों की स्मृति को संरक्षित रखने और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा देने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे गांव के इस गौरव को सहेजें और बच्चों को उनके जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित करें।

**गांव में देशभक्ति का संचार, युवाओं में दिखा जोश :** कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपने शहीद सपूत की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। शहीद के परिवारजनों का सम्मान करते समय हर आंख नम थी लेकिन गर्व से भरी हुई थी। अंत में ग्रामवासियों ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह संकल्प लिया कि शहीद की स्मृति को गांव की पहचान और प्रेरणा बनाकर रखा जाएगा।

## राजस्थान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नारायण भाटी का स्वागत अभिनंदन किया गया



बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा ( नि .स. )। रविवार को अनुसूचित जाति जनजाति स्थित स्टेशन रोड निंबाहेड़ा कार्यालय पर नारायण सिंह भाटी, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद (युवा प्रकोष्ठ) का एवं उनके साथ आए प्रतिनिधि श्रवण चौहान, एडवोकेट मनीष कुमार का फूल मालाए पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नारायण भाटी ,प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान युवा प्रकोष्ठ ,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद का निंबाहेड़ा आगमन पर स्टेशन रोड निंबाहेड़ा कार्यालय पर फूल मालाए पहनाकर स्वागत अभिनंदन कर संगठनात्मक गतिविधियों पर एक बैठक कर विचार विमर्श किया गया। निंबाहेड़ा मैं परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर स्थान का चयन कर खोलने का एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। एवं अल्प आहार का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर बिहारी लाल सोलंकी( पूर्व पार्षद) राजस्थान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष,उदयराम पहाड़िया,पूर्व पार्षद, जिला संरक्षक, चित्तौड़गढ़ इंद्र लाल भाँबी एडवोकेट नगर अध्यक्ष निंबाहेड़ा, राधेश्याम राव, जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ युवा प्रकोष्ठ, दिलखुश मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, निंबाहेड़ा, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, एवं यश कुमार बुनकर, मनवर सिंह, श्रवण कुमार चौहान, मनीष कुमार एडवोकेट, उपस्थित थे।

## आरकेपुरम् मण्डल में निकाली 100 फीट लंबी तिरंगा यात्रा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकी शिविरों की तबाही से प्रसन्न देशवासियों का उत्साह चरम पर है, और विभिन्न स्तरों पर तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसला लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को भारतीय जनता पार्टी आरकेपुरम् मण्डल में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता ने भी भाग लिया। रैली में 100 फीट लम्बा तिरंगा लोगों में आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

यात्रा को सम्बोधित करते हुए विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी संरक्षण में चल रहे आतकंवादियों के ठिकानों के साथ ही पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर प्रत्येक भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। आतंकी हमले के बाद देशवासी पीड़ित और क्रोधित थे और ठोस जवाबी कार्रवाई का इंतजार कर रहे थे, देश की सम्प्रभुता कायम करने और जनभावनाओं के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सेना को खुली छूट



दे दी। हमारे बहादुर सैनिकों ने आतंकियों और उनके पनाहगारों को रौंदकर दुनिया को बता दिया कि भारत अब सॉफ्ट कंट्री,नहीं बल्कि एक शक्तिशाली देश है ।जो अपने खिलाफ हुए हर हमले का जवाब देने में और हर षडयंत्र को नष्ट करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इस अवसर पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा की अत्याधुनिक हथियार और सरकार से बल्कि फ्री हेण्ड ने सैनिको का मनोबल चरम तक बढ़ा दिया है।यात्रा संयोजक विवेक राजवंशी ने कहा कि जहां हमारे आस पास के देशों में आम जनता सेना से भयभीत रहती है और लोकतंत्र में सैन्य दखल रहता है वहीं भारत में सेना हमारी ताकत है और भारतवासी अपने सैनिकों से प्यार करते हैं।

यात्रा के समापन पर मण्डल अध्यक्ष अक्षय चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, पार्षद बालचंद फौजी, सुमित्रा खींची, मण्डल अध्यक्ष दीनू बंजारा, पार्षद भानु प्रताप गौड़, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र ऋषि, पूर्व पार्षद सोनू गौतम, दिलीप शर्मा, विष्णु शर्मा, अंजू सेन, संजय विजय, स्वरूप सिंह, भवानी राजौरा, अभिलाष दीक्षित, अंजू शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, अशोक यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## चाकूबाजी के फरार पांच आरोपी धरे, तीन दिन पहले 17 वर्षीय नाबालिक को किया था घायल

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। उद्योग नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 3 दिन पहले 17 वर्षीय नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद आकिब, मेहरान, पंकज राठौर, धीरज उर्फ



गोलू व मोहम्मद जैद अंसारी को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी बॉम्बे योजना व कोटा ग्रामीण के सांगोद इलाके के निवासी हैं। इस मामले में 22 मई को 17 वर्षीय वीरेंद्रसिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि तीन मोटरसाइकिलों पर आए बदमाशों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था,, घायल वीरेंद्र सिंह को एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था,, पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल उद्योगनगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा नेता का स्कूल किया जमींदोज आठ बीघा जमीन पर किया था कब्जा

## मचकुंड रोड की 5 बीघा जमीन से भी हटेंगे कब्जे

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी,( राजू शर्मा )।** जिस तरह नगर परिषद लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी है, उससे भूमाफिया भी सहमे हुए हैं। सरकारी जमीन, आम रास्ते और नालों को अबाध मार्ग मुहैया कराने के लिए नगर परिषद उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में लगातार बड़ी कार्रवाई कर रही है। सूत्रों की माने तो नगर परिषद जल्द अपनी 5 बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त कराएगी, जिस पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा है। यह सरकारी जमीन मचकुंड रोड स्थित एक मैरिज होम के सामने है। जिस पर कभी भी ओर बड़ा एक्शन नगर परिषद की ओर से देखने को मिल सकता है। इससे पूर्व नगर परिषद मचकुंड रोड पर खातेदार की जमीन में दबे गैरमुमकिन रास्ते को शुरू करा चुकी है। उस पर जल्द पक्के रास्ते का भी निर्माण कराया जा सकता है। धौलपुर नगर परिषद प्रशासन फिर से एक्शन मोड में है। निशाने पर भूमफिया हैं। नगर परिषद ने 22 दिन बाद दूसरी बार तगावली ट्रीटमेंट प्लांट की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर बनाए गए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बांकेलाल लोधा के निजी स्कूल पर शुक्रवार रात को बुलडोजर चलाया। इस महीने नगर परिषद की अतिक्रमण के खिलाफ यह कड़ी कार्रवाई है। इसके अलावा नगर परिषद प्रशासन ने मचकुंड रोड पर 5 बीघा जमीन चिन्हित की है, जिस पर अवैध कब्जा बताया। इसके अलावा कुछ बाबड़ी और जलाशयों पर हो रहे कब्जों की पहचान की गई है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की संभावना है। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को भी तगावली स्थित वर्ल्ड सनराइज पब्लिक स्कूल की चारदीवारी के अंदर बनी बिल्डिंग को ध्वस्त कराया गया था। लेकिन बिल्डिंग के कुछ हिस्से को तोड़ने पर मालिक को आपत्ति थी। जिसे दूर करने के लिए एसडीएम साधना शर्मा मौके पर मौजूद थी, उनकी देखरेख में पैमाइश कराई गई। जिसके बाद नगर परिषद ने सरकारी भूमि पर बनी स्कूल की अवैध बिल्डिंग को तोड़ना शुरू किया। बिल्डिंग को ध्वस्त करने के बाद सरकारी भूमि को नगर परिषद ने अपने स्वामित्व में ले लिया है। नगर परिषद लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। जिससे आने वाले मानसून सीजन में शहर के सार्वजनिक रास्ते दरिया नही बन सके और रिहायशी इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इस कार्रवाई में एसडीएम साधना शर्मा, आयुक्त अशोक शर्मा, एक्सईएन गुमान सिंह सैनी, सीएसआई प्रकाश श्रीवास्तव, एसआई नीरज चाहर, अतिक्रमण शाखा प्रभारी सीताराम शर्मा सहित स्थानीय थाना पुलिस मौजूद रही।

# राष्ट्रवाद के लिए सभी समाजो को साथ लेकर चलना होगा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा एवं विप्र फाउंडेशन भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान मे राष्ट्र निर्माण मे ब्राह्मणो का योगदान विषय पर श्री ब्राह्मण धर्मशाला पर संगोष्ठी का आयोजन पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के सानिध्य मे हुआ। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल भारद्वाज मे बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ रहे। मुख्य वक्ता ब्रज भूमि कल्याण परिषद के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गौस्वामी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन भरतपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर ने की विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश तिवारी रहे।कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों ने ब्राह्मण समाज के गौरव शाली इतिहास के विषय मे विस्तार से बताते हुए समाज को राष्ट्रवाद के लिए सभी समाजो को साथ लेकर चलने का आवाहन किया। हिन्दु धर्म के लिए ब्राह्मण समाज गौ गीता और गायत्री पर पुनः लौटना होगा। विदेशी ताकतों द्वारा समाज को बदनाम करने का एक सुनीयोजित साजिश चल रही हिन्दु धर्म को यदि ध्वस्त करना है। ब्राह्मणो को पतित प्रसारित करे। क्योंकि ब्राह्मण हि कर्म कांड पुजा पाठ के माध्यम से समस्त हिन्दु धर्म को एक धागे मे पिरोहे हुए है। संगोष्ठी मे जार के जिला अध्यक्ष बनने पर रविमोहन शर्मा एवं लोक अभियोजक बनने पर एडवोकेट ऋषिपाल तिवारी का अंगवस्त्र साफा एवं प्रतिक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। अनिल भारद्वाज ने संगोष्ठी मे सनातन बोर्ड बनाने एवं सभी मंदिरो को इसके अधीन करने की बात कही ।कार्यक्रम का संचालन महासभा के जिला महामंत्री पवन शर्मा ने किया

संगोष्ठी मे प्रमुख रूप से टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ. अलोक शर्मा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कोशलेश शर्मा, हरिओम गौतम,विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश अध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा, उपाध्यक्ष हेमंत उपमन ,महामंत्री देवाशीष भारद्वाज, समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, ओम प्रकाश शर्मा, केशवदेव शर्मा, राहुल शर्मा मालीपुरा , कृष्णा कटारा, गौरव तिवारी, कोमल शर्मा, मदनमोहन शर्मा , बलबीर शर्मा, ब्रजेश सिकरोदा, आदि सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# शहर स्वच्छ करने का प्रयास लेकिन कचरा निस्तारण केंद्र पर अव्यवस्थाए, कचरा निस्तारण केंद्र के मार्ग में 1 किलोमीटर तक बन प्लास्टिक थेलियों के पहाड़

### कचरा निस्तारण केंद्र की चार दिवारी नहीं होने से मवेशी खा रहे थेलिया, नगर परिषद बोली नया ठेकेदार आने के बाद हो पाएगी व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर सभी जिला मुख्यालय पर घर-घर कचरा निस्तारण की व्यवस्था करवाई। यह कचरा एक जगह जमा कर अलग-अलग करने के लिए निस्तारण केंद्र भी बनवाए गए। आज हम आपको दिखाते है राजसमंद नगर परिषद के कचरा निस्तारण केंद्र की जमीनी हकीकत। जहां वार्ड नंबर एक में बने कचरा निस्तारण केंद्र के मार्ग में प्लास्टिक की थैलियां के पहाड़ बन गए हैं। कचरा निस्तारण केंद्र के नियमानुसार बनी चार दिवारी भी टूट गई है।जिससे निराश्रित मवेशी अपने पेट की भूख शांत करने के लिए यह थेलिया खा रहे हैं। यही नहीं कचरा निस्तारण केंद्र पर काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा इस कचरे में आग लगा दी जाती है। जिससे 24 घंटे भारी मात्रा में धुंआ वातावरण में मिल रहा है। इस केंद्र के ठीक पास बने जवाहर नवोदय विद्यालय में रहने वाले बच्चे इस धुए से परेशान है। जिसके चलते हैं उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण मंडल पर एक लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने राजसमंद नगर परिषद को दो बार पत्र लिखकर जवाब मांगा। लेकिन उसका जवाब नहीं दिया गया। इस पूरे मामले का जायजा लेने जब हमारी टीम पहुंची तो वहां का नजारा कुछ और ही बयां कर रहा था।

**इनका कहना :** कचरा निस्तारण के लिए लगाए गए प्लांट को ठेकेदार द्वारा सही से कार्य नहीं किया जा रहा था जिसके कारण उनको नोटिस देकर ब्लैक लिस्ट कर दिया है नगर परिषद द्वारा नई निवेदिना जारी कर दी गई है।

**बृजेश राय ( आयुक्त,नगर परिषद राजसमंद )**

संपर्क पोर्टल से विद्यालय द्वारा शिकायत मिली जिस पर वहां पर कचरा निस्तारण के लिए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है इसके तहत नोटिस जारी कर दिया है आगे की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**अशोक कुमार ( क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदुषण नियंत्रण मण्डल, राजसमंद )**

# खेत में काम करने गए साठ वर्षीय किसान की संदिग्ध अवस्था में मौत

### परिजनों को आशंका जहरीले कीड़े के खाने या बिजली करंट से मौत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कंचनपुर थाना क्षेत्र के अब्दलपुर गांव में एक 60 वर्षीय किसान की उसके खेत पर संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों द्वारा किसान को अचेत अवस्था मे बाड़ी सामान्य अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।ऐसे में कंचनपुर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामें की बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक किसान के पुत्र ने घटना को लेकर कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के अब्दलपुर गांव निवासी 60 वर्षीय होरीलाल पुत्र पोपसिंह जाटव शनिवार को सुबह अपने खेतों पर काम करने गया था। जब दो बजे तक वापस नहीं आया तो परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे। जहां वह मृत अवस्था में मिला। ऐसे में परिजन तुरंत उसे बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना पर पहुंची कंचनपुर पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया जहां आज परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है। मृतक किसान होरीलाल के पुत्र महावीर जाटव ने बताया कि शनिवार को उनके पिता खेतों पर काम करने गए थे। जहां मृत अवस्था में मिले है। संभवत किसी जहरीले कीड़े के काटने से या बिजली करंट से मौत हुई है। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मामले को लेकर कंचनपुर पुलिस को रिपोर्ट दी है।

वहीं दूसरी ओर कंचनपुर थाने के एएसआई सोमवीर सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। थाने के वरिष्ठ अधिकारी फतेह सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा करंट लगने से मौत का मामला बताया है। पुलिस जांच में जुटी है। वास्तविक कारणों और मौत का कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही पता लगेगा। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## राष्ट्रीय पत्रकार संस्था पीलीबंगा की बैठक में पर्यावरण संरक्षण व विभिन्न जन समस्याओं को उठाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ ( राजेश खारडू )।** पीलीबंगा स्थानीय संस्था के कार्यालय में रविवार को राष्ट्रीय पत्रकार संस्था की बैठक का आयोजन हुआ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई ।व संस्था द्वारा आगामी दिनों में आमजन व सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए कार्यक्रमों में महती भूमिका निभाने पर जोर दिया गया। व स्थानीय पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए राष्ट्रीय पत्रकार संस्था के पत्रकार साथियों ने प्रमुखता से बैठक में निर्णय लिया , तथा जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रत्येक पत्रकार साथियों द्वारा अपने आस पास के क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया । संगठन के अध्यक्ष हेतराम इंदलिया व उपाध्यक्ष जितेंद्र बंसल ने पीलीबंगा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए इसे प्रमुखता से अपने समाचार पत्रों व विविध चैनलों के माध्यम से प्रसारित करने व इस संबंध में सम्बंधित प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाने का निर्णय लिया। इसके अलावा बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार-विमर्श करते हुए सरकार,प्रशासन व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्यरत पत्रकारों की श्रमजीवी भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने के संकल्प को दोहराया ।इस मौके पर अध्यक्ष हेतराम इंदलिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष सुशील काठपाल, सचिव संदीप सचदेवा, प्रेस प्रवक्ता अजय मित्तल, संगठन मंत्री प्रेम आजाद, सह सचिव मदन लाल पंडितावाली, सदस्य राजेश खारडु सुखवन्त सिंह हांसलिया मौजूद रहे व इस बैठक में राष्ट्रीय पत्रकार संस्था में कई नए पत्रकार साथियों को भी जोड़ा गया।

## मत्सूरा और मढ़ा कांकोली के पंचायत उपचुनाव के लिए चुनाव टीम को प्रशिक्षण देकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में पंचायत समिति बाड़ी की पंचायत सर्कल मत्सूरा के वार्ड 9 एवं सैंपऊ की पंचायत सर्कल मढ़ा कांकोली के वार्ड 8 के पंच निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 50 में संपन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए एसएलएमटी अतुल चौहान ने लोक सूचना के सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करने के साथ नाम निर्देशन पत्र वितरण, उनकी प्राप्ति के बाद संवीक्षा, नाम वापसी संबंधी प्रशिक्षण देते हुए नाम निर्देशन पत्र में सभी स्थानों पर हस्ताक्षर होने, क्रियाशील शौचालय की घोषणा एवं गवाह हस्ताक्षर के साथ मतदाता सूची का अवलोकन कर अभ्यर्थी के नाम और क्रमांक की भली भांति जांच करने को कहा। इस अवसर पर निर्वाचन तहसीलदार रघुवीर सिंह ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर रिटर्निंग अधिकारी को अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिश: 26 मई सोमवार को प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे। इनकी संवीक्षा मंगलवार 27 मई को प्रात: 10 बजे से होगी और अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिश: मंगलवार को ही दोपहर 3 बजे से पूर्व देनी होगी।

# विभिन्न आरोपों में नौ गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान





**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** उच्च अधिकारियों के निकट सुपरविज़न में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाई गई एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भुसावर थाना अधिकारी नरेश चंद्र शर्मा द्वारा टीम गठित कर अवैध रूप से भद्र ले जाते हुए छैला बिहारी पुत्र लाल सिंह जाति जाट उम्र 19 साल निवासी मुंडिया साद थाना हलैना को 66 पव्वा हीरा पन्ना सादा मदिरा, गाँव महतौली से अवैध शराब के 74 पव्वा ढोला मारू के साथ महतौली निवासी अजीत सिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह जाति जाट अगर 30 साल निवासी मुड़िया साद थाना हलैना को गिरफ्तार किया है। ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर में लगी मशीन के स्पीकर में तेज आवाज में गाना बजाते हुये वीरसिंह पुत्र परमा जाति जाट निवासी ललित मुडिया थाना हलेना को गिरफ्तार किया है। भुसावर न्यायालय से जारी वारंट पर सिमरन सिंह उर्फ शेर सिंह पुत्र रामस्वरूप जाति गुर्जर 35 साल निवासी बदनपुरा थाना वेर को गिरफ्तार किया गया है। हिस्ट्रीशीटर राजकुमार और गैरू पुत्र कांता प्रसाद जाति ब्राह्मण निवासी निचला बाजार भुसावर एवं शेखर पुत्र खेमचंद जाति माली उम्र 30 40 साल निवासी शैतानपाड़ा भुसावर की गिरफ्तारी के साथ सोनू पुत्र पेरू जाती माली 35 साल , कपूरचंद पुत्र पीरु जाती सैनी उम्र 30 साल निवासी कुंडा रोड भुसावर एवं नारायण सिंह पुत्र यादराम जाति गुर्जर 22 साल निवासी सुहारी थाना भुसावर को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# पिता की स्मृति में ठंडा पानी पीने का एक वाटर कूलर मय आरओ सिस्टम किया भेंट



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ ( राजेश खारडू )।** ंकस्बे के वार्ड नंबर 16 में चल रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधुबाला पूनिया द्वारा अपने पिता राम नारायण पूनिया की स्मृति में ठंडा पानी पीने के लिए एक वाटर कूलर मय आरओ सिस्टम भेंट किया है जिससे कार्यालय में आने वाले कार्मिकों व शैक्षणिक स्टाफ को ठंडा पानी पीने को मिलेगा। इसी प्रकार पंडित महेश चंद्र शर्मा उनके पुत्र अध्यापक श्री महावीर प्रसाद शर्मा व जितेंद्र शर्मा ने दो सीसीटीवी कैमरों की व्यक्तिगत सेवा सीबीईओ कार्यालय को प्रदान की है द्य पंडित महेश चन्द्र शर्मा ने विधिवत पूजा करवाते हुए वाटर कूलर को सुचारू रूप से कार्यालय में संचालित करवाया व सीसीटीवी कैमरे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपे द्य इस शुभ अवसर पर एसीबीईओ पूर्णराम देव व रजनीश गोदारा, संदर्भ व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार व बलजीत सिंह, दारा सिंह, पवन शर्मा, अनिल कुमार, मुख्तयार सिंह, रवि प्रकाश, शिल्पा पंवार, हासम अली, सौरभ सांई, चन्द्रशेखर शर्मा, सतपाल, अजय जाखड़, महेंद्र गोदारा, प्रधानाचार्य प्रेम चौपड़ा, रिषभ शर्मा, पृथ्वी सिंह भाटी, के सी चौधरी, चेतराम आदि मौजूद रहें द्य मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा दोनों भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर बदमाशों ने दुकानदार को गोली मार किया घायल

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के खेडली मोड थाना क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर बीती अर्धरात्रि के छोंकरवाडा कला में बाइक सबार तीन बदमाशों ने फायरिंग कर अचार की दुकान चलाने बाले देवनारायण जाटव को घायल कर दिया। अचार की दुकान करने वाले देवनारायण के पैर के घुटने में गोली लगी है। घायल को गम्भीर हालत में भुसावर अस्पताल से भरतपुर आरबीएम अस्पताल रैफर किया गया है। फायरिंग के समय घायल दुकानदार के साथ बैठा उसका भाई बदमाशों पर कुर्सी फैंक कर भागा। पास में एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में फायरिंग की घटना कैद हो गई।

**गल्ला चेक किया, पैसे नहीं मिले :** प्राप्त जानकारी अनुसार एक हमलावर दुकान पर चढ़ा और गल्ला चेक किया। लेकिन उसमे पैसे नहीं थे। वारदात के बाद तीनों हमलावर वहां से बाइक पर बैठकर फरार हो गए।

**इनका कहना है :** सीसीटीवी फुटेज में तीन नकाबपोश आरोपियों द्वारा की गई वारदात के आरोपियों की तलाश की जा रही है इन तीनों पर शनिवार को महुआ भरतपुर में भी फायरिंग करने का शक है।

**रामनिवास मीणा, थानाधिकारी , खेडली मोड।**

# उपचारात्मक शिक्षण शिविर जारी

**बढ़ता राजस्थान**

हनुमानगढ़ (राजेश खारडू)। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोचावाला में सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ द्वारा 6 मई से 6 जून तक उपचारात्मक शिक्षण का संचालन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर बच्चों को फाउंडेशन के स्वयंसेवक शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जा रहा है।इस अवसर पर विद्यालय विकास समिति और स्टाफ द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया है। प्रधानाचार्य ने इस पहल हेतु फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। सुप्रीम फाउंडेशन संस्कृत शिक्षा के उन्नयन हेतु पिछले 8 वर्षों से निरन्तर कार्य कर रहा है।



# सांसद दामोदर अग्रवाल पहुंचे स्वस्तिधाम, मंदिर में हुई चोरी पर जताया आक्रोश

## मौके पर पुलिस अधिकारियों को बुलाकर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/जहाजपुर (अमित शर्मा)।** भारतवर्ष जैन समाज के प्रमुख धार्मिक स्थल स्वस्तिधाम जैन मंदिर, जहाजपुर में हाल ही में हुई चोरी की घटना को लेकर रविवार को सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंदिर परिसर का दौरा किया और अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और मंदिर में हुई चोरी के जल्द खुलासे की मांग की।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने स्वस्तिधाम पहुंचकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर पदाधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। सांसद ने मौके पर पुलिस उपाधीक्षक राजेश आर्य, डिप्टी नरेंद्र कुमार और सीआई राजकुमार नायक को बुलाकर घटना की पूरी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज की आस्था को ठेस पहुंचाती हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए और इस मामले को प्राथमिकता पर लेकर जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर मंदिर को उसका सामान लौटाया जाए। सांसद अग्रवाल ने स्वस्तिधाम में विराजित परम् तपस्वी स्वस्तिभूषण माताजी से भी भेंट की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है तथा शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान कोटड़ी करण सिंह बेलवा, स्वस्तिधाम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री ज्ञानेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, भाजपा नेता देवेंद्र दानी, पार्षद ओम पाराशर सहित स्वस्तिधाम के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चौमहला बस स्टैंड पर अन्नपूर्णा रसोई बंद हुए एक वर्ष, गरीबों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानियां

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के बस स्टैंड पर राज्य सरकार की ओर से संचालित अन्नपूर्णा रसोई को बंद हुए एक साल होने को आया और जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जिसके चलते गरीब, निर्धन, मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जरूरतमंद लोग सस्ते खाने की तलाश में इधर उधर भटक रहे है। उन्हें सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। चौमहला बस स्टैंड पर अन्नपूर्णा रसोई गत 14 जून 2024 से बंद है। उस पर ताला लटक रहा है लेकिन अभी भी भूले भटके लोग भोजन करने के लिए यहां आते है लेकिन निराश होकर वापिस लौट जाते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बंद होने से पहले यहां प्रतिदिन सुबह शाम करीब 100 लोग भोजन कर रहे थे। इसके बावजूद भी अन्नपूर्णा रसोई को बंद कर दिया गया। जिससे गरीब, निर्धन, बेघर लोगों को भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस रसोई का संचालन नई किरण राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था।

रसोई के कूपन कम कटने के कारण वित्तीय हानि होने का हवाला देकर इसे बंद कर दिया गया तथा अध्यक्ष व सचिव कि ओर से सूचना चस्पा कर दी गई जिसमें लिखा गया कि 14 जून 2024 से अन्नपूर्णा रसोई अगले आदेश तक बंद रहेगी।

**इनका कहना :** अन्नपूर्णा रसोई बंद होने के बाद से ही गरीब, निर्धन, मजदूरों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी कई जरूरतमंद लोग सुबह शाम यहां चक्कर लगाते हैं। इसे शीघ्र चालू करवाना चाहिए।

**श्यामलाल राठौर**
**बस स्टैंड चौमहला**

मैं हम्माली का काम करता हूं। अन्नपूर्णा रसोई में 8 रुपये में भोजन कर रहा था मेरे अलावा भी कई गरीब, निर्धन, मजदूर वर्ग के लोग भोजन कर रहे थे। अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से सभी को परेशानी हो रही है। इस रसोई को जल्दी से जल्दी चालू की जाए।

**जुझार लाल**
**बस स्टैंड चौमहला।**

मैं दिव्यांग हूं बस स्टेंड पर बसों की आवाज लगाता हूं। अन्नपूर्णा रसोई में भोजन करता था। इसके बंद हो जाने के बाद से ही खाने की बहुत दिक्कत हो रही है। भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

**कालू लाल**
**बस स्टैंड चौमहला।**

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कोशिश करके अन्नपूर्णा रसोई फिर से शुरु करवाना चाहिए जिससे जरूरतमंद लोगों को सस्ता खाना मिल सके। रेल्वे स्टेशन भी पास है ऐसे में लोग सस्ते खाने के लिए भटकते रहते हैं।

**चन्दर लाल सैन**

**इनका कहना :** चौमहला बस स्टैंड पर संचालित अन्नपूर्णा रसोई मेरे आने के पहले से ही बंद है। इसके बारे में जानकारी भी ली गई थी। इसके बंद होने की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। इसे पुनः शुरू करवाने के लिए अनुशंसा की हुई है।

**कंचन बोहरा**
**विकास अधिकारी डग।**

# भाजपा ग्रामीण मंडल कपासन की कार्य समिति घोषित कर पदाधिकारियों को नियुक्त किया

## अध्यक्ष दिनेश पाराशर एवं महामंत्री अधिवक्ता कैलाशचंद्र सुखवाल लांगच नियुक्त

बढ़ता राजस्थान





**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष रतन गाडरी द्वारा भाजपा ग्रामीण मंडल कार्य समिति की घोषणा कर पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

जानकारी अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशन में भाजपा चितौड़गढ़ जिला अध्यक्ष रतन गाडरी द्वारा क्षेत्रीय सांसद चंद्रप्रकाश जोशी एवं कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर की सहमति से शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल कपासन की कार्य समिति की घोषणा की गयी।जिसमे पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दायित्व प्रदान किया गया।उक्त नवगठित कार्य समिति के मंडल अध्यक्ष पद पर पंचायत समिति कपासन सदस्य दिनेश पाराशर, महामंत्री पद पर अधिवक्ता एवं युवा नेता कैलाशचंद्र सुखवाल लांगच को नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता एवं युवा नेता कैलाशचंद्र सुखवाल लांगच पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कपासन तहसील संयोजक,तहसील प्रमुख, जिला समिति सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे है।साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सदस्य रहते हुवे जनसेवा कार्यों में समर्पित है। इसी क्रम में हरिशंकर सुखवाल लांगच,ललित खंडेलवाल पांडोली स्टेशन आदि पदाधिकारियों को कार्य समिति के विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है।

संगठन द्वारा कार्य समिति की गठित नवीन कार्यकारिणी में कपासन विधानसभा क्षैत्र के युवा वर्ग को अवसर प्रदान करने से भाजपाई खेमे में हर्ष एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने का क्रम बना रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में लाल सलाम युवाओं ने 45 डिग्री गर्मी में बढ़चढ़कर किया रक्तदान, 56 यूनिट रक्त संग्रह

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वाधान में दिनांक 25.05.2025 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल दसवां रक्तदान शिविर बढलेश्वर महादेव हॉल परिसर में आयोजित किया गया। संस्थान के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि यह शिविर ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में 'लाल सलाम' के नारे के साथ आयोजित किया गया। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के जयकारों के बीच 45 डिग्री तापमान में बढ़चढ़कर रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 56 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर श्री राकेश पाठक रहे, जिन्होंने शिविर में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें मानवता व देश सेवा के इस अनूठे कार्य के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर भीलवाड़ा उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष ओम प्रकाश नारानीवाल, महेश सेवा समिति के सचिव एडवोकेट राजेंद्र कचोलिया, तेली समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओम प्रकाश तेली सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और युवाओं से देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। रक्तदान के दौरान युवाओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक बालूलाल छापरिया ने महात्मा गांधी चिकित्सा संस्थान की रक्त संग्रह टीम के डॉ. धर्मवीर बैरवा और शिविर काउंसलर अर्पित कुमार का केसरिया दुपट्टा पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। रक्तदाताओं के लिए दाल-बाटी का भोजन भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में भागीरथ, रूपलाल, डालचंद, शंकरलाल, मोतीलाल मंडिया, कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार, सेवंतीलाल, सुनील, सोनू, उस्ताद बुद्धि प्रकाश, बंटी, किशनलाल, मोतीलाल आर्मेरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे। शिविर में यशोदा देवी और अदिति सिंह सहित कई महिलाओं ने भी आगे बढ़कर रक्तदान किया।

### सर्व ब्राह्मण महासभा युवाशाखा ने ईडब्ल्यूएस कैंप लगाकर प्रमाण पत्र किए वितरण

# ब्राह्मण समाज के युवाओं की अनूठी पहल सामान्य वर्ग की पात्रता में आने वाले सभी अभ्यर्थियों के बनाए प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** सर्व ब्राह्मण महासभा युवाशाखा द्वारा ईडब्ल्यूएस कैंप पूर्व में आयोजित किया गया था जिसमें समान्य आर्थिक पिछड़ा वर्ग की पात्रता में आने वाले क्षत्रिय महाजन कायस्थ ब्राह्मण सहित सभी अभ्यर्थियों ईडब्ल्यूएस, सामान्य जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र बनाएं थे जिनका वितरण महर्षि गौतम छात्रावास में किया गया।

शिविर के संयोजक पीयूष शर्मा ने बताया कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण महासभा समिति जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच, गौतम समाज जिलाध्यक्ष मनीष गौतम, शिविर प्रभारी धनंजय शर्मा, लोकेश सुखवाल, उपाध्यक्ष सुनीत शर्मा प्रवक्ता नूतन तिवारी युवा जिलाध्यक्ष विकास सनाढ्य, नगर अध्यक्ष केशव त्रिवेदी मंचासीन रहे। यह शिविर प्रमाण पत्र बनाने में आने वाली जटिलताओं को कम करने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र से मिलने वाले लाभ के बारे में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाया जाता है। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से पात्रता में आने वाले छात्रों को कॉलेज एडमिशन,सरकारी नौकरी, छात्रवृति योजना,राष्ट्रीय खेलकूद आदि में 10 प्रतिशत लाभ लिया जा सकता है। जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच ने संबोधित करते हुए बताया कि यह प्रमाण पत्र छात्रों के लिए बड़ा लाभदायक हे साथ ही ईडब्ल्यूएस के नियमों में कई विसंगतियां हे जैसे विवाहित महिलाओं में पिता पति दोनों की आय जोड़ना जो कि न्यायोचित नहीं हे। गौतम समाज के अध्यक्ष मनीष गौतम ने कैंप की सराहना करते हुए बताया कि सामाजिक सरोकार का यह बड़ा उदाहरण हे आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर इतने प्रमाण पत्र जारी करवाना जमीनी स्तर का मेहनती कार्य हे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता नूतन तिवारी ने किया। इस दौरान युवाशाखा के मधुसूदन गौतम पं.गौरव शर्मा, कुलदीप गौतम नवजीत वशिष्ठ भरत दाधीच, मनीष श्रृंगी, पंकज गौतम पवन शर्मा, अभिषेक गौतम पुर्णेश्वर शर्मा महेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महेश नवमी महोत्सव 2025 : बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत बेडमिन्टन प्रतियोगिता का समापन महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में सम्पन्न हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजु शाह, मेरूलाल काबरा, केदार गगरानी, राजेन्द्र कचौलिया थे। मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मुंदडा के सानिध्य में तथा बेड्मिन्टन प्रभारी राजेन्द्र काबरा और वैभव झंवर के नेतृत्व में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की प्रतियोगिता में 16 इवेन्ट हुए। सभी इवेन्ट के प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पारितोषिक में ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, टीशर्ट व केश प्राइज वितरित किए गये। विजेताओ ने गर्ल्स सिंगल अंडर 11 मे एकता तोषनीवाल, गर्ल्स सिंगल अंडर 13 मे नविष्ठी माहेश्वरी, गर्ल्स सिंगल अंडर 19 मे अवनी डाड, विमेंस सिंगल 19-35 मे अंजलि माहेश्वरी, विमेंस सिंगल 35-50 मे स्नेहलता जागेटिया, बॉयज सिंगल अंडर 11 मे अमय जागेटिया, बॉयज सिंगल अंडर 13 मे अवीक मूंदड़ा, बॉयज सिंगल अंडर 15 मे समर चौधरी, बॉयज सिंगल अंडर 19 मे समर चौधरी, मैंस सिंगल 19-35 मे अभिनव समदानी, मैंस सिंगल 35-50 मे गुड्डू मंडोवरा बॉयज डबल्स अंडर 13 मे अवीक मूंदड़ा एवं चिराग मोहता, बॉयज डबल्स अंडर 15 मे निर्भीक समदानी एवं सौम्य तोषनीवाल, बॉयज डबल्स अंडर 19 मे मधुर सोमानी एवं सात्विक जागेटिया, मैंस डबल्स 19-35 मे अभिनव समदानी एवं कृष्णा माहेश्वरी, मैंस डबल्स 35-50 मे बिलेश्वर डाड एवं गुड्डू मंडोवरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे प्रभारी राजेंद्र काबरा, वैभव झंवर, बैडमिंटन सहप्रभारी कमलेश काबरा, मुकेश सोमानी, विनीत माहेश्वरी कस सहयोग रहा।

# आज खंडेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** खंडेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की बैठक का सोमवार को समाजजनों की उपस्थिति में आयोजन किया जायेगा।जिसमे विभिन्न सामाजिक समस्याओं के निराकरण को लेकर सुझावों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा। खंडेलवाल ब्राह्मण समाज के प्रचार-प्रसार मंत्री सत्यनारायण खंडेलवाल पांडोली स्टेशन ने बताया कि खंडेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की बैठक का क्षैत्र के शनिमहाराज स्थित खंडेलवाल समाज के आश्रम में खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष शंकरलाल पिपलवा ग्राम कुंथना की अध्यक्षता में आयोजन किया जायेगा।उक्त बैठक में सामाजिक समस्याओं एवं इनके त्वरित निराकरण को लेकर समाजजनों से सुझाव लेते हुवे विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा।

जिसमे मुख्य रूप से समाज के शैक्षिक स्तर में सुधार,शैक्षणिक वातावरण के उन्नयन हेतु कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समाज के गणमान्यजनों द्वारा सम्मानित करने आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

# परशुराम चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा परशुराम जयंती संयोजक का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में रविवार को परशुराम चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा परशुराम जयन्ती के सफलतापूर्वक आयोजन पर जयन्ती संयोजक नरेन्द्र कुमार गौतम का आभार व्यक्त कर स्वागत सत्कार किया गया। परशुराम चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंत्री देवराज गोतम ने बताया कि बाह्यडेशवर गौशाला , बालचंद पाड़ा मे परशुराम चिकित्सा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक मे चिकित्सा प्रकोष्ठ के नरेन्द्र कुमार गौतम द्वारा विगत माह मे आयोजित परशुराम जयन्ती के संयोजक रह कर सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करवाए इसलिए चिकित्सा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यो द्वारा परशुराम जयन्ती संयोजक नरेन्द्र कुमार गौतम का साफा बंधवाकर कर मुह मीठा करा स्वागत सत्कार किया गया तथा समाज ओर सनातन धर्म के लिए सभी सदस्यो को सक्रिय रुप से कार्य कर ने कि प्रेरणा प्रदान कि गई। इस अवसर पर परशुराम चिकित्सा प्रकोष्ठ के भेरुप्रकाश शर्मा, राजेश शर्मा, अंकित दाधीच, चन्दन शर्मा, सुदेश गौतम, उमाशंकर गौतम, सुरेंद्र, सुरेश कुमार, ममता शर्मा, ज्योति बाला, सहित कई सदस्य उपस्थित रहे ।

# अमन मददगार कमेटी कपासन का सर्वसम्मति से गठन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र के सैय्यद,शेख एवं पठान समाज के पूर्व चोखले की बैठक का रविवार को आयोजन किया गया।जिसमे चोखले की जगह पर अमन मददगार कमेटी कपासन को गठित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।जिसमे अध्यक्ष मंजूर खान पठान कपासन,मंत्री हाजी हमीद खां पठान जाशमा, कोषाध्यक्ष रफीक खान पठान चंदेरिया की नियुक्ति सहित 11 सदस्यीय कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इससे पूर्व क्षैत्र के ग्राम कोदियाखेड़ी एवं पुठोली चितौड़गढ़ में 34 ग्रामों की बैठक हुई।जिसमें सर्वसम्मति से उक्त कमेटी गठन का प्रस्ताव पारित किया गया।नवनियुक्त अमन मददगार कमेटी अध्यक्ष मंजूर खां पठान ने बताया कि मुस्लिम समाज शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है।उक्त कमेटी विशेष कार्य कार्यों सहित सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जनजागरण अभियान चलायेगी। उक्त नवनियुक्त कमेटी में मुंशी मोहम्मद पठान उपरेड़ा, सैय्यद मकसूद अली चित्तौड़गढ़,अब्दुल हमीद खान कोदियाखेड़ी,आज़ाद खान बोदियाना,सैय्यद बिलाल अली पिठौली,इक़बाल खान ऊंचा,फजलू खां विलायतीखेड़ा,पप्पू खान रामथली,सैय्यद अख्तर अली बुखारी कपासन,चांद खान पठान नेतावल,हाजी गफूर खान चंदेरिया,मुमताज़ खां गणेशपुरा,अज़ीज़ खान गोराखेड़ा,मुंशी खां पठान बोदियाना को कमेटी में सदस्य मनोनीत किया गया।इस दौरान मंत्री हाजी अब्दुल हमीद खान द्वारा पूर्व बैठक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

# जयपुर में पंजाब और मुंबई की होगी आज महाभिड़ंत





नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 का लीग चरण अब समाप्ति की ओर है। इस चरण का सेकंड लास्ट मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज भारतीय समयानुसार, शाम 7.30 बजे से खेला जाना है। इस मुकाबले में श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स का सामना हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस से होगा। इन दोनों टीमों के लिए ही क्वालीफायर 1 के लिहाज से ये मैच बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसें क्रिकेट फैंस को एक कड़ा मैच देखने को मिल सकता है।

### टॉस की भूमिका रहेगी अहम

जयपुर में खेले जा रहे मैचों की दूसरी पारी में ओस देखने को मिल रही है, जिसका फायदा टॉस जीतने वाली टीमों को मिलता है। मुंबई बनाम पंजाब के मुकाबले में टॉस अहम रहेगा। टॉस जीतने वाला कप्तान पहले गेंदबाजी का विकल्प चुनना चाहेगा। इससे दूसरी पारी में गेंदबाजों को ग्रिप करने में मुश्किल होगी और बल्लेबाज तेजी से रन बना सकेंगे।

### पंजाब किंग्स की मुंबई इंडियंस से आर-पार की लड़ाई

पंजाब किंग्स को अपना आईपीएल 2025 लीग स्टेज का आखिरी मैच आज, 26 मई को 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। अगर पंजाब किंग्स मुंबई इंडियंस को चित करने में कामयाब रहती है तो उन्हें टॉप-2 में जगह मिल सकती है। मुंबई पर जीत के बाद पंजाब के खाते में 19 अंक हो जाएंगे। अगर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी अपना आखिरी मैच जीतकर 19 पॉइंट्स अर्जित कर लेती है तो मामला नेट रन रेट पर अटकेगा। फिलहाल नेट रन रेट के मामले में पंजाब किंग्स आरसीबी से आगे हैं। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ पंजाब किंग्स का टॉप-2 में जगह बनाने का गणित गड़बड़ा गया है। पंजाब के खाते में अब 13 मैचों में 17 अंक है, अगर टीम को टॉप-2 में जगह बनानी है तो आखिरी मुकाबले को जीतकर 2 पॉइंट्स कमाने होंगे। पंजाब को 19 पॉइंट्स के साथ जरूर टॉप-2 में जगह मिल सकती है, मगर उन्हें आखिरी मैच में हार का सामना करना पड़ता है तो उनका टॉप-2 का सपना टूट जाएगा। आईए जानते हैं पंजाब किंग्स का टॉप-2 का समीकरण क्या है-

### जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम की बात करें तो यहां आउटफील्ड बहुत खूबसूरत है। हालांकि पिच पर थोड़ी घास भी देखने को मिली है, जो तेज गेंदबाजों के लिए पर्याप्त नहीं है। अगर वह सही लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करें तो उन्हें शुरुआत में कुछ मदद जरूर मिल सकती है। इस सीजन के कुछ मैच छोड़ दिए जाएं तो यहां की पिच पर बल्लेबाजों का बोलबाला रहा है। ऐसे में मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स मुकाबला भी हाईस्कोरिंग होने की पूरी उम्मीद है।

### पंजाब किंग्स टीम

नेहल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसेन, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मिशेल ओवेन, काइल जैमीसन।

### मुंबई इंडियंस टीम

सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रित बुमरा, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, कॉर्बिन बॉश, रघु शर्मा।



## जोकोविच ने करियर का 100वां खिताब जीता

### जिनेवा ओपन जीतकर फेडरर और कोनर्स की बराबरी की, फाइनल में हुरकाज को हराया



नई दिल्ली।

नोवाक जोकोविच ने ओपन एरा में 100वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स की बराबरी कर ली है। रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे और जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा खिताब जीतने वालों में टॉप पर हैं। जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में टूर्नामेंट के छठे सीड ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। शुरुआत में जोकोविच एक सेट से पिछड़ गए और उसके बाद उन्होंने वापसी की और अंत में खिताब अपने नाम किया। टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है। जोकोविच ने इस खिताब के साथ 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इसमें ओलिंपिक गोल्ड मेडल भी शामिल है। इससे पहले जोकोविच ने अपना आखिरी खिताब 2024 में पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं पिछले साल शंघाई के फाइनल में उन्हें जैनिक सिनर ने हराया और मार्च में मियामी के फाइनल में जाकुब मेनसिक ने उन्हें मात दी थी। जोकोविच ने हाल ही में मैड्रिड ओपन से बाहर होने के बाद उन्होंने कोच एंडी मरे से नाता तोड़ लिया था। उन्हें मैड्रिड ओपन में पहले दौर में ही इटली के माटेओ अर्नाल्डी से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था कि वह कुछ और टूर्नामेंट के बाद अपने कोचिंग सेटअप के बारे में फैसला करेंगे।

## क्या इंग्लैंड में भारत को टेस्ट सीरीज जिता पाएंगे गिल युवा टीम को जीत की पटरी पर लाना मुश्किल

नई दिल्ली।

25 साल के शुभमन गिल भारत के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। जिनकी कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली 2 सीरीज हार गई। शुभमन के सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती टीम इंडिया का विनिंग कमबैक कराना ही है। मई में भारतीय टेस्ट टीम के 2 सीनियर प्लेयर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया। उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन भी रिटायर हो गए थे। जिसके बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत पड़ी, जो टीम का परमानेंट मेंबर भी हो और लंबे समय तक जिम्मेदारी संभाल सके। जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल भी दावेदार थे, लेकिन बुमराह को फिटनेस के कारण कमान नहीं सौंपी गई। वहीं सिलेक्टर्स का मानना है कि राहुल को परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में कमेटी ने युवा गिल को कमान सौंपी, जो लंबे समय तक टीम की बागडोर संभाल सके।

### इंग्लैंड में 18 साल से सीरीज नहीं जीते

कप्तान के रूप में गिल के सामने पहला चैलेंज इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है। भारत को यहां 2007 से सीरीज जीत नहीं मिली। 2011, 2014 और 2018 में टीम ने तीनों सीरीज गंवाई। इस दौरान भारत 14 में से 2 ही टेस्ट जीत सका, टीम को 11 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। 2021 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। इंग्लैंड फिर 2024 में भारत आई, जहां उन्हें 4-1 से हार मिली। यानी इंग्लैंड ने 7 साल से टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज नहीं हराई है। गिल के सामने भारत को 18 साल बाद इंग्लैंड में सीरीज जिताने की चुनौती तो है ही, इंग्लैंड के खिलाफ 7 साल से अजेय टीम को अजेय रखने का चैलेंज भी है।

### विदेशी में खुद की बैटिंग साबित करना

2020 में टेस्ट डेब्यू करने वाले शुभमन के नाम 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1893 रन हैं। उनके डेब्यू के बाद से ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण दुनियाभर की पिचें गेंदबाजों के लिए मददगार रहीं। इसके बावजूद गिल ने 5 सेंचुरी और 7 फिफ्टी लगा दी। हालांकि, होम कंडीशन के मुकाबले विदेश में उनका फॉर्म थोड़ा कमजोर है। गिल ने भारत में 17 टेस्ट खेले और 42.03 के औसत से 1177 रन बनाए। उन्होंने 4 सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाईं। विदेश में शुभमन 15 टेस्ट में 1 सेंचुरी और 2 ही फिफ्टी लगा सकें। उनका औसत भी महज 27.53 का रहा। विदेश में गिल की इकलौती सेंचुरी भी बांग्लादेश में आई। यानी इंग्लैंड सीरीज से ही गिल को खुद की बैटिंग भी साबित करनी होगी।

### ट्रांजिशन फेज में युवा टीम को संभालना

विराट, रोहित और अश्विन जैसे सीनियर प्लेयर्स ने टेस्ट से संन्यास ले लिया। मोहम्मद शमी इंजरी के कारण स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ही सीनियर प्लेयर्स हैं। इंग्लैंड में भारत की बहुत युवा टीम खेलने वाली है, 9 प्लेयर्स की उम्र तो 21 से 28 साल के बीच ही है। ऐसे में गिल के सामने भारत का ट्रांजिशन फेज संभालने की चुनौती भी है। टीम इंडिया के सामने 2011 से 2013 के बीच आखिरी बार ट्रांजिशन फेज का सामना करना पड़ा था। तब राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह और सचिन तेंदुलकर जैसे प्लेयर्स एक साथ टीम से चले गए थे। तब विराट,




चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, अश्विन और जडेजा ने टीम इंडिया को संभाला और भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बनाया। गिल की युवा टीम इंडिया के सामने इसी लिगेसी को आगे बढ़ाने की चुनौती है।

स्वास्थ्य

## कोलन कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए अपनाएं यह टिप्स, सेहतमंद बने रहेंगे आप

आंत का कैंसर, जिसे मेडिकल की भाषा में कोलोरेक्टल या कोलन कैंसर कहा जाता है। बता दें कि यह कैंसर का एक गंभीर प्रकार होता है, जो हमारी आंतों को बुरी तरह से प्रभावित करता है। कौलन कैंसल होने पर आंतों में ब्लॉकेज के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में इसके फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। लेकिन अगर समय रहते इसके लक्षणों को पहचान लिया जाए तो इसके जोखिमों को काफी हद तक कम करने और इलाज में मदद मिल सकती है। आंत का कैंसर होने पर व्यक्ति को पेट संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। जिसमें पेट में दर्द, ऐंठन, दस्त, बाउल मूवमेंट ठीक से न होना, कब्ज, कमजोरी और थकान महसूस होना, अचानक वजन घटना आदि शामिल है। जिसके कारण हमारा पूरा स्वास्थ्य प्रभावित होने लगता है। यदि समय रहते इसके लक्षण पहचान में न आएं और इलाज न मिले तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। बता दें कि हमारी डेली रूटीन की आदतें ही कई तरह से आंत के कैंसर का जोखिम बढ़ाने का काम करती है। यदि आप एक हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करते हैं, तो कोलन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**स्क्रीनिंग कराएं :** अगर आप लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं का



सामना कर रहे हैं, तो आपको एक बार स्क्रीनिंग जरूर करानी चाहिए। जिससे आपको पेट संबंधी समस्याओं का सही कारण पता चल सके। स्क्रीनिंग की मदद से आपको कैंसर के शुरूआती स्टेज के बारे में पता लग सकता है।

**फल और सब्जियों का करें सेवन :** सेहतमंद बने रहने के लिए संतुलित भोजन करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन जब आंत को स्वस्थ रखने की बात आती है, तो आपको अपनी डाइट में फल और सब्जियों की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। इसके साथ ही साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए। क्योंकि साबुत अनाज में डाइट्री फाइबर की अच्छी मात्रा पायी जाती है। इसलिए प्रयास करें कि जंक फूड, रेड मीट और प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन कम करें।

**कंट्रोल में रखें वेट :** शरीर का बढ़ा हुआ वजन यह दिखाता है कि आपका मेटाबॉलिज्म और पाचन सही से काम नहीं कर पा रहा है। यह आंतों के साथ ही आपकी सेहत को भी प्रभावित करता है। एक रिसर्च के अनुसार, मोटापे अधिक होने पर कोलन कैंसर होने का जोखिम होता है।

### जरूर करें एक्सरसाइज

सेहतमंद बने रहने के लिए हमें अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को जरूर शामिल करना चाहिए। एक्सरसाइज से न सिर्फ कैंसर बल्कि अन्य तरह के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। इसलिए आप चाहें तो योग भी कर सकते हैं। इसके अलावा जिम भी जा सकते हैं। एक्सरसाइज में पैदल चलना, स्विंग करना और साइकिलिंग कर सकते हैं। लेकिन पूरे दिन में कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज करने का समय जरूर निकालें।

### स्मोकिंग और शराब को कहें न

अगर आप भी स्मोकिंग और शराब का सेवन करते हैं, तो यह कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए अगर आप पूरी तरह से स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो शराब और स्मोकिंग जैसी आदतों से दूरी बना लें।

## मच्छरों से निजात पाने के लिए घर के गार्डन में लगाएं यह पौधे आसपास नहीं आएंगे मच्छर





**गर्मियों का मौसम शुरू होते ही मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। सुबह हो या शाम मच्छरों की वजह से उठना-बैठना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि मच्छर के काटने से न सिर्फ गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। बल्कि इनके काटने से एलर्जी भी हो सकती है।**

### लहसुन का पौधा

यदि आप अपने घर के गार्डन में लहसुन का पौधा लगाती हैं। तो इससे मच्छरों के पनपने की संभावना काफी कम हो जाती है। क्योंकि मच्छरों को लहसुन की गंध पसंद नहीं होती है। जिसके कारण वह इस पौधे से दूर भागते हैं। बता दें कि लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके पौधे को आप घर में गमले में या ग्रो बैग में लगा सकती हैं। हालांकि इस पौधे को लगाते समय ध्यान रखें कि मिट्टी में नमी या जल भराव न हो।

### यूकेलिप्टस

अगर आपका गार्डन काफी बड़ा है तो आप अपने गार्डन में यूकेलिप्टिस का पौधा भी लगा सकते हैं। बारिश का मौसम इस पौधे की रोपाई के लिए सबसे अच्छा होता है। बता दें कि मच्छरों को दूर भगाने में इस पेड़ में मौजूद ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप भी इस पौधे को अपने गार्डन में लगाते हैं तो मच्छर घर के आसपास नहीं आएंगे। हालांकि यूकेलिप्टिस का पौधा उसी जगह लगाना चाहिए। जहां अन्य पौधे मौजूद न हों। यूकेलिप्टिस का पौधा मिट्टी के पोषक तत्वों को तेजी से सोख लेता है। जिसके कारण मिट्टी बंजर और सूखी होने लगती है। आप चाहें तो इस पौधे को घर के बाहर भी लगा सकते हैं।

### सिट्रोनेला

गर्मियों के समय सिट्रोनेला का पौधा लगाना बेहतर होता है। क्योंकि गर्मी के मौसम में सिट्रोनेला की ग्रोथ काफी अच्छी होती है। वहीं इस पौधे की पत्तियों में से काफी अच्छी सुगंध आती है। यह सुगंध मच्छरों को दूर करने में सहायक होती है। इस पौधे की पत्तियों का इस्तेमाल आप रूम फ्रेशनर के तौर पर भी कर सकती हैं। इससे निकलने वाली खुशबू आपके घर को खुशनुमा माहौल में बदल देगी।



## कांस 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में आलिया ने रचा इतिहास

# गुच्ची ब्रांड की डिजाइन की हुई पहली साड़ी पहनी, दूसरी प्रेग्नेंसी की अफवाहें उड़ीं

आलिया भट्ट ने इस साल कांस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर डेब्यू किया है। पहले दिन जहां एक्ट्रेस बॉडी कॉन ड्रेस से प्रेग्नेंसी रूमर्स से चर्चा में आ गई थीं, वहीं क्लोजिंग सेरेमनी में आलिया ने अपने लुक से इतिहास रच दिया है। दरअसल, एक्ट्रेस ने कांस के आखिरी दिन गुच्ची ब्रांड की गोल्डन साड़ी पहनी थी। ये पहली बार है जब गुच्ची जैसी इंटरनेशनल ब्रांड ने साड़ी डिजाइन की है। आलिया भट्ट की साड़ी में कई कीमती स्वरोव्सकी क्रिस्टल जड़े हुए थे। करीब से देखने पर नजर आता है कि इन क्रिस्टल से पूरी साड़ी में गुच्ची ब्रांड का लोगो बना हुआ है। आलिया को पॉपुलर सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट और सोनम कपूर की बहन रिया कपूर ने स्टाइल किया है। वो आलिया से पहले जान्हवी कपूर को भी इस कांस में स्टाइल कर चुकी हैं। कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू के दिन आलिया भट्ट ने फ्रेंच डिजाइनर की गाउन पहनी थी, जिसे रिया कपूर ने स्टाइल किया था। रेड कार्पेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आने के बाद लोगों ने उनकी दूसरी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने शुरू कर दिए। दरअसल, ड्रेस में उनका पेट कुछ निकला हुआ नजर आ रहा था। खबरों ने इसलिए भी तूल पकड़ा क्योंकि कुछ समय पहले ही रणवीर आलिया को हॉस्पिटल के बाहर स्पॉट किया गया था।



# टाइट सिक्योरिटी के बीच दोस्त की शादी में पहुंचे सलमान

सलमान खान मुंबई में हुई दोस्त की शादी का हिस्सा बने थे। शादी में सलमान को टाइट सिक्योरिटी में देखा गया। फैंस और मेहमानों की धक्का-मुक्की के बीच सलमान खान मंच तक पहुंचे और दूल्हा-दुल्हन के साथ पोज करते नजर आए। सलमान खान के अलावा इस हाईप्रोफाइल शादी में उनके छोटे भाई सोहेल खान और भतीजा निर्वाण भी पहुंचा था। इस समय सलमान ने ब्लू शर्ट और ग्रे सूट पहना हुआ था। भीड़ के बीच कुछ समय तक समय बिताने के बाद सलमान झटपट वहां से रवाना हो गए। उन्हें पूरे समय सिक्योरिटी ने घेर रखा था।

**इसी हफ्ते सलमान की सुरक्षा में हुई थी बड़ी चूक** : 20 मई को सलमान खान की सिक्योरिटी में बड़ी चूक हुई थी। उनके बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक शख्स ने कार के पीछे छिपकर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने 23 साल के जीतेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जो छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। इससे पहले 19 मई की देर रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी।

इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है। सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई। संदीप ने बताया कि 20 मई की सुबह 09:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उसे चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। संदीप ने कहा कि वह शख्स शाम करीब 7:15 बजे फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया।

# 'कजरा रे' गाने को अमिताभ ने पहले किया था रिजेक्ट

## फिर गाना हुआ सुपरहिट तो बिग बी ने कहा- माफ करना, मैंने इसे कम आंका

'कजरा रे' आज बॉलीवुड का आइकॉनिक गाना माना जाता है, लेकिन हाल ही में डायरेक्टर शाद अली ने इस गाने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। 'बंटी और बबली' के इस सुपरहिट गाने को पहले खुद अमिताभ बच्चन ने रिजेक्ट कर दिया था। 'बंटी और बबली' फिल्म के डायरेक्टर शाद अली ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि जब मैंने पहली बार सिर्फ 8 सेकंड का रिफ सुना, तो मुझे यकीन हो गया था कि ये चलेगा, लेकिन यशराज फिल्म्स ने इसे फिल्म के सबसे कमजोर गानों में आखिरी नंबर पर रखा था। शाद ने अमिताभ बच्चन को जब ये गाना सुनवाया तो उन्होंने तुरंत कह दिया, ये गाना शूट मत करो। उन्हें गाने का म्यूजिक अधूरा सा लगा। उन्होंने कहा कि ये गाना जैसे बीच से शुरू हो रहा है और इसमें कुछ कमी है।

हालांकि, शाद ने भरोसा नहीं खोया और उन्होंने इस गाने पर काम जारी रखा। अमिताभ बच्चन का सुझाव था कि गाने की शुरुआत वाली जुगलबंदी शंकर महादेवन गाएं, ना कि वे खुद। डायरेक्टर ने उनकी बात मानी।

जब ये गाना रिलीज हुआ, तो सभी को हैरान कर दिया। शाद बताते हैं, टीवी चैनलों ने इसे सॉन्ग ऑफ द डिकेड तक कह दिया था। और फिर एक दिन अमिताभ बच्चन ने खुद मैसेज भेजा, लिखा - मुझे माफ करना, मैंने इसे कम आंका था।

### बंटी और बबली का आइकॉनिक गाना कजरा रे

गौरतलब है कि फिल्म 'बंटी और बबली' का गाना 'कजरा रे-कजरा रे' बॉलीवुड के सबसे मशहूर और यादगार गानों में से एक है। इस गाने में ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की तिकड़ी ने एक साथ स्क्रीन शेयर की थी। ऐश्वर्या राय सिर्फ इसी गाने के लिए फिल्म में नजर आई थीं। इस गाने को अलका याग्निक, शंकर महादेवन और



जावेद अली ने गाया था। वहीं, इसका संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया और बोल गुलजार ने लिखे थे। गाने की जड़ें ब्रजभूमि के एक लोकगीत से जुड़ी हैं, जिसमें काले नयन भगवान श्रीकृष्ण के बताए गए हैं। गाने में कव्वाली स्टाइल था, जिसमें वेस्टर्न म्यूजिक का तड़का भी लगाया गया। इस गाने की कोरियोग्राफी वैभवी मर्चेंट ने की थी। यह गाना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि ब्राजील के मशहूर शो कैमिन्हो दास इंडियास में भी इस्तेमाल हुआ। रेडिफ और कई रेडियो चैनल्स पर इसे सॉन्ग ऑफ द ईयर चुना गया।

# बॉलीवुड सेलेब्स के सपोर्ट में उतरे सुनील शेट्टी : बोले ऑपरेशन सिंदूर पर इंडस्ट्री ने बहुत कुछ कहा है, हम अपने देश के लिए खड़े हैं

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी नई फिल्म केसरी वीर रिलीज हुई है। जयपुर पहुंचे सुनील शेट्टी ने न सिर्फ फिल्म के संदेश पर बात की, बल्कि देशभक्ति, राजपूत वीरता, और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी बात की। जब उनसे सवाल पूछा गया कि बॉलीवुड ने ऑपरेशन सिंदूर पर क्यों नहीं बोला? जिस पर सुनील शेट्टी ने कहा कि बॉलीवुड ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत कुछ कहा है।

सुनील शेट्टी ने बेबाकी से जवाब देते हुए कहा, बॉलीवुड ने बहुत कुछ बोला है। जिनको बोलना है, बोले हैं। सबको हम नहीं बोल सकते ना। हम हमारी बात कर सकते हैं, दुनिया की बात नहीं कर सकते। यही है कि देश के हित में सभी खड़े हैं और अपनी-अपनी तरफ से वह अपना जो प्यार है और अपनी जो फीलिंग है, वह दोहराते हैं, दिखाते हैं दुनिया को। सबका अपना-



अपना तरीका है।

सुनील शेट्टी ने तुर्किये के बॉयकॉट पर अपनी राय रखी है तुर्किये पर बॉयकॉट के सवाल पर सुनील शेट्टी ने अपनी राय स्पष्ट की। उन्होंने कहा, अगर सरकार ने कुछ कहा है, तो मैं सबसे पहले समर्थन करूंगा। जो हमारे लीडर्स कहें, वही सर्वोपरि है।

राजपूतों के बलिदान पर बनी है फिल्म %केसरी वीर% को लेकर सुनील शेट्टी ने कहा कि फिल्म उन अनसंग हीरोज की कहानी है, जिनका जिक्र हमारी किताबों में नहीं मिलता। सुनील शेट्टी ने कहा राजपूतों की कहानी है। सिर, धड़ से अलग हो जाता है, लेकिन आखिरी दम तक लड़ते रहते हैं और हम हमेशा देश के लिए करते आए हैं।

बता दें कि फिल्म केसरी वीर को प्रिंस धीमान ने डायरेक्ट किया है और इसमें सुनील शेट्टी के अलावा विवेक ओबेरॉय, सूरज पंचोली और आकांक्षा शर्मा अहम भूमिकाओं में हैं।

फिल्म 23 मई 2025 को रिलीज हुई और इसे राजपूत, भील और हिंदू समाज के एकजुट संघर्ष की कहानी के तौर पर प्रस्तुत किया गया है।

# विराट-अनुष्का ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

## हनुमानगढ़ी भी गए, हाथ पकड़कर मंदिर की परिक्रमा की



अयोध्या। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा रविवार सुबह अयोध्या पहुंचे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई हैं।

मंदिर के सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया- विराट और अनुष्का को प्रोटोकॉल के तहत अंदर ले जाया गया। वरिष्ठ पुजारी संतोष तिवारी ने रामनामी पहनाकर उनका अभिनंदन किया।


रामलला के दर्शन करके दोनों करीब 8 बजे हनुमानगढ़ी पहुंचे। विराट ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। पुजारी ने उन्हें सफेद और लाल रंग के फूलों की दो मालाएं पहनाईं। सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

अनुष्का को भी पुजारी ने पीले रंग की दो मालाएं पहनाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाई। विराट ने अनुष्का का हाथ पकड़कर मंदिर की परिक्रमा भी की। दोनों वहां करीब 20 मिनट रुके।

**विराट-अनुष्का राम मंदिर के प्रथम तल पर गए, निर्माण देखा**- विराट-अनुष्का ने राम मंदिर के पुजारी से मंदिर की नक्काशी के बारे में बात की। सूत्रों के मुताबिक दोनों ने मंदिर के प्रथम तल के निर्माण कार्य को भी देखा। अभी तक यहां केवल निर्माण एजेंसियों से जुड़े लोग और पदाधिकारी ही आते-जाते हैं।

## टाइट सिक्योरिटी के बीच दोस्त की शादी में पहुंचे सलमान

### भीड़ के बीच खड़े होकर दिए पोज, इसी हफ्ते हुई थी सुरक्षा में बड़ी चूक



सलमान खान मुंबई में हुई दोस्त की शादी का हिस्सा बने थे। शादी में सलमान को टाइट सिक्योरिटी में देखा गया। फैंस और मेहमानों की धक्का-मुक्की के बीच सलमान खान मंच तक पहुंचे और दूल्हा-दुल्हन के साथ पोज करते नजर आए। सलमान खान के अलावा इस हाईप्रोफाइल शादी में उनके छोटे भाई सोहेल खान और भतीजा निर्वाण भी पहुंचा था। इस समय सलमान ने ब्लू शर्ट और ग्रे सूट पहना हुआ था। भीड़ के बीच कुछ समय तक समय बिताने के बाद सलमान झटपट वहां से रवाना हो गए। उन्हें पूरे समय सिक्योरिटी ने घेर रखा था।

**इसी हफ्ते सलमान की सुरक्षा में हुई थी बड़ी चूक**-20 मई को सलमान खान की सिक्योरिटी में बड़ी चूक हुई थी। उनके बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक शख्स ने कार के पीछे छिपकर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने 23 साल के जीतेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जो छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। इससे पहले 19 मई की देर रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है। सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई। संदीप ने बताया कि 20 मई की सुबह 09:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उसे चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। संदीप ने कहा कि वह शख्स शाम करीब 7:15 बजे फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया।

# हेरा फेरी 3 विवाद खत्म करने वाले हैं परेश रावल

## लीगल नोटिस पर तोड़ी चुप्पी, कहा- कानूनी जवाब भेज दिया, अब मामला हो जाएगा शांत



एक्टर परेश रावल ने हेरा फेरी 3 छोड़ने पर मिले लीगल नोटिस को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि उनके वकील अमीत नाइक ने कानूनी जवाब भेज दिया है। परेश ने कहा कि जवाब पढ़ने के बाद मामला शांत हो जाएगा। एक्टर परेश रावल ने रविवार सुबह सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया, मेरे वकील अमीत नाइक ने मेरे सही तरीके से फिल्म छोड़ने और बाहर निकलने को लेकर एक उचित जवाब भेज दिया है। एक बार जब वे मेरा जवाब पढ़ लेंगे तो सभी मुद्दे शांत हो जाएंगे। बता दें कि अमीत नाइक को अमिताभ बच्चन और अनिल कपूर जैसे सितारों के बड़े केस संभालने के लिए जाना जाता है।

एक्टर परेश रावल इन दिनों हेरा फेरी 3 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को अक्षय कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। परेश रावल के फिल्म छोड़ को लेकर अक्षय कुमार ने उन्हें लीगल नोटिस भेजा था।

इसके बाद यह बात भी सामने आई कि परेश ने शूटिंग के लिए एडवांस में दिए गए 11 लाख रुपए की पूरी रकम लौटा दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने रकम के साथ 15 फीसदी ब्याज भी दिया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर परेश रावल ने हेरा फेरी 3 से अलग होने के बाद साइनिंग अमाउंट लौटाया है। एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया था, परेश रावल ने 11 लाख रुपए का साइनिंग अमाउंट 15% सालाना ब्याज के साथ वापस कर दिया है। साथ ही उन्होंने थोड़ा और पैसा भी दिया है क्योंकि वह इस फिल्म से हट गए। परेश रावल को टर्म शीट के अनुसार 11 लाख रुपए साइनिंग अमाउंट के तौर पर दिए गए थे। उनकी कुल फीस 15 करोड़ रुपए तय हुई थी। टर्म शीट में ये भी लिखा था कि परेश रावल को बाकी 14.89 करोड़ रुपए फिल्म की रिलीज के एक महीने बाद ही मिलेंगे। परेश रावल को इस शर्त पर आपत्ति थी।

इसके साथ ही सूत्र ने ये भी बताया था कि फिल्म की मुख्य शूटिंग अगले साल शुरू होने की उम्मीद थी। इसका मतलब है कि हेरा फेरी 3 की रिलीज 2026 के अंत या 2027 तक टल सकती थी। यानी परेश रावल को अपनी बाकी फीस पाने के लिए लगभग दो साल तक इंतजार करना पड़ता।

**परेश रावल को अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने लीगल नोटिस भेजा**-परेश रावल को अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था। अक्षय कुमार की वकील पूजा तिडके ने कहा था कि प्रोडक्शन कंपनी ने फिल्म पर काफी पैसा खर्च किया है, इसलिए इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पूजा तिडके ने कहा था, मुझे लगता है कि इस मामले में कानूनी रूप से बड़ी परेशानी हो सकती है। परेश रावल ने अचानक फिल्म छोड़ी, जिस कारण इसकी सीरीज को काफी नुकसान हुआ है।

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए, और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# केदारनाथ में 22 दिन में 5 लाख भक्तों ने किए दर्शन

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए 30 लाख के पार रजिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा के शुरू होते ही तीर्थ यात्रियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों में से सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में भक्तजनों ने अबतक दर्शन किए हैं। केदारनाथ में 22 दिन में पहुंचे 5 लाख भक्त दर्शन कर चुके हैं। विदित हो कि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को दर्शनार्थ खोले गए थे। चारधाम पर जाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

विदित हो कि गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया था। चारों धामों में अबतक 13 लाख से ज्यादा भक्तजनों ने दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में अब इजाफा होने लगा है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है।

22 दिनों की यात्रा में ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा ने तेजी पकड़ ली है। मई माह खत्म होने को हैं और जून के महीने की शुरुआत में ही यात्रा के और भी रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि केदारनाथ धाम की यात्रा बेहतर संचालित हो रही है। सोनप्रयाग, गौरीकुंड के साथ ही पैदल मार्ग और धाम में यात्री सेवा के लिए सब मुस्तैद हैं। अब तक 5 लाख से अधिक यात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। जबकि, बदरीनाथ धाम में अबतक साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तजन दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धामों में भी दर्शन करने का आंकड़ा दो लाख के पार पहुंच चुका है।

### चारधाम ऑफलाइन काउंटर पर भक्तों की भारी भीड़

चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में उत्साह नजर आ रहा है। प्रतिदिन दो हजार से ज्यादा यात्री ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश पहुंच रहे हैं, जिससे यात्रा पर निर्भर व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए हैं। उन्हें अब यात्रा के तेज रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए भी ऋषिकेश, हरिद्वार, विकासनगर व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में व्यवस्था की गई है।

फिलहाल यात्रा सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। चारधाम ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तीर्थ यात्रियों के लिए बिजली, पानी, टॉयलेट, सीटिंग आदि की व्यवस्था भी की गई है। जिला प्रशासन की ओर से काउंटरों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए हरिद्वार, हर्बटपुर, नयागांव व ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र खोले गए हैं।

### हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुले, श्रद्धालुओं की भारी भीड़

सिखों के तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को सुबह 10 बजे विधि विधान से खुल गए हैं। पहले दिन लगभग साढ़े चार हजार सिख तीर्थ यात्रियों ने पवित्र हिम सरोवर मे स्नान कर दरबार साहिब में मत्था टेका। सुबह साढ़े नौ बजे हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की प्रकियाएं शुरू हुईं। पंच प्यारों की अगुवाई में पौने दस बजे सच खंड से गुरुग्रंथ साहिब को बाहर लाया गया। इसके बाद मौके पर मौजूद हजारों की संख्या में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर गुरुग्रंथ साहिब का स्वागत किया।

ठीक दस बजे गुरुग्रंथ साहिब को दरबार साहिब में सुशोभित किया गया। मुख्य ग्रंथी मिलाप सिंह ने गुरुग्रंथ साहिब को दरबार साहिब में सुशोभित किया। इसके बाद कुलवंत सिंह ने सुखमनी साहिब का पाठ किया। साढ़े ग्यारह से साढ़े बारह बजे तक मौजूद जत्थों के द्वारा सबद कीर्तन किया गया। साढ़े बारह बजे वर्ष की पहली अरदास और ठीक एक बजे वर्ष का पहला हुक्मनामा लिया गया। हुक्मनामें के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा का आगाज हो गया है।




### यूपी, हरियाणा, महाराष्ट्र-राजस्थान सहित कई राज्यों से पहुंच रहे भक्त

**यूपी की राजधानी लखनऊ सहित बरेली, प्रयागराज, सहारनपुर, मथुरा आदि शहरों सहित दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश से लोगों की भीड़ आ रही है। इसके अलावा, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से भी तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। धामी सरकार की ओर से तीर्थ यात्रियों के लिए यात्रा रूट पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया है। तीर्थ यात्रियों के लिए सरकार की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया गया है।**

## केरल तट के पास लाइबेरियाई मालवाहक जहाज डूबा, चालक दल के सभी 24 सदस्य बचाए गए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल अपतटीय क्षेत्र में 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका पैदा हो गई है। तटरक्षक बल ने रविवार को एक बयान में कहा, ''25 मई की सुबह, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया।'' बयान में कहा गया कि जहाज पर मौजूद चालक दल के शेष तीन सदस्य जहाज छोड़कर समुद्र में कूद गए, जिन्हें भारतीय नौसेना के जहाज 'आईएनएस सुजाता' ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों से लैस जहाज 'सक्षम' को मौके पर भेजा गया है ताकि तेल रिसाव जैसी किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

बयान में कहा गया जहाज पर रखे 640 कंटेनरों में से 13 में रासायनिक रूप से संवेदनशील सामग्री थी, जबकि 12 कंटेनर कैल्शियम कार्बाइड से भरे हुए थे। आईसीजी ने कहा, ''जहाज के टैंकों में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस ऑयल था।'' यह ध्यान में रखते हुए कि केरल का संवेदनशील तट क्षेत्र जीवंत जैव विविधता का आश्रय स्थल होने के साथ-साथ एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण भी है, तटरक्षक बल ने सभी संभावित स्थितियों से निपटने के लिए प्रदूषण नियंत्रण की तैयारियों को तेज़ कर दिया है और राज्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया है। आईसीजी ने बयान में कहा, ''तटरक्षक बल के विमान द्वारा तेल रिसाव की पहचान करने वाली उन्नत तकनीक की मदद से स्थिति का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल किसी भी प्रकार के तेल रिसाव की पुष्टि नहीं हुई है।''

# जैसलमेर-बाड़मेर में रेत का तूफान, उदयपुर-राजसमंद में बारिश

## तापमान में 10 डिग्री तक की गिरावट, तीन दिन आंधी-बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में नौतपा की शुरुआत मौसम में बदलाव के साथ हुई। कई जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरे। जयपुर और धौलपुर में रविवार को सुबह बारिश हुई। जैसलमेर और बाड़मेर में आसमान में धूल का गुबार छाया हुआ है। रविवार दोपहर बाद उदयपुर-राजसमंद, बाड़मेर में बारिश हुई। बाड़मेर में आंधी भी चली। इससे पहले शनिवार देर रात 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार से आए तूफान और बारिश-ओलावृष्टि ने गर्मी कम कर दी है। रविवार को दिन के तापमान में 1 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज हुई। चूरू, गंगानगर, सीकर, पिलानी, जयपुर में शनिवार तक तेज गर्मी थी, तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज हो रहा था, वहां रविवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा। मौसम केंद्र जयपुर ने 26 मई को राज्य के 11 जिलों में तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 27 से 29 मई तक कई हिस्सों में आंधी-बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। रविवार दिन का सबसे कम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस हनुमानगढ़ में दर्ज हुआ। हनुमानगढ़ में 24 मई की रात से 25 मई की सुबह तक तूफान आया और बारिश हुई। यहां 53एमएम (2 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। इस कारण यहां अनाज मंडियों में रखा गेहूं, सरसों समेत अन्य अनाज गीला हो गया। इधर पिलानी में भी 2 इंच बरसात हुई। हनुमानगढ़ के अलावा पिलानी में रविवार का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में रविवार सुबह बादल छाए ।



### चूरू में कार पर गिरा बिजली का पोल

चूरू के सरदारशहर में शनिवार रात को तेज आंधी के दौरान तारानगर रोड पर दुकान के सामने खड़ी कार पर बिजली का पोल गिर गया। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली सप्लाई बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। सरदारशहर के अधिकतर गांवों में बिजली सप्लाई ठप है। बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर धराशायी हो गए।

### राजसमंद में आंधी के साथ हुई बारिश

राजसमंद में दिनभर की तपिश के बाद शाम को आंधी के साथ बारिश हुई। शाम साढ़े 5 बजे बारिश शुरू हुई, जो करीब 20 मिनट तक चली। राजसमंद झील पर भी मौसम सुहावना हो गया। झील के नौ चौकी पाल पर करीब 3 से 4 फीट ऊंची लहरें उठीं, जिनमें लोग भीगते हुए नजर आए।

### सीकर : मकान की दीवार और टीनशेड गिरी

सीकर में आंधी से हुसैनगंज मोहल्ले में एक मकान की पुरानी दीवार और टीनशेड गिर गई। इससे घर में रखी अलमारी, फ्रिज सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सीकर के भढाढर गांव में 220 किलो वोल्टेज बिजली लाइन का टावर आंधी-बारिश में गिर गया। रविवार सुबह बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### धौलपुर में बारिश, कथा के पंडाल में पानी भरा

धौलपुर में रविवार सुबह मौसम ने करवट बदली। तेज हवा के साथ बारिश हुई। तेज हवा के कारण गौरव पथ स्थित नगर परिषद की पुरानी इमारत का छज्जा गिर गया। कायस्थपाड़ा स्कूल में चल रही भागवत कथा के पंडाल में पानी भर गया। स्थानीय लोगों को पानी निकालने के लिए मोटर का इस्तेमाल करना पड़ा।

### बीकानेर में आंधी से बिजली के तार गिरे

बीकानेर में आंधी से काफी नुकसान हुआ है। देर रात तक तूफान के कारण विद्युत विभाग के कर्मचारी टूट-फूट का पता लगाते रहे। कई जगह पोल गिर गए हैं और कई जगह होर्डिंग्स बिजली के तारों पर गिर गए हैं। देर रात करीब तीन बजे विद्युत आपूर्ति कुछ क्षेत्रों में फिर शुरू हो गई जबकि अनेक क्षेत्रों में रात भर अंधेरा रहा। लूणकरनसर में भारी नुकसान हुआ है। फसल भी चौपट हुई है।

### झुंझुनूं के चिड़ावा में सड़कों पर भरा पानी

झुंझुनूं के चिड़ावा में शनिवार रात तेज आंधी और बारिश से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। बारिश से डांगर, अड़ूका, डालमिया की ढाणी, सेही कलां, स्वामी सेही, श्योपुरा, ओजटू, अरड़ावता और सुलताना समेत कई ग्रामीण इलाकों में पेड़ गिरने से सड़क मार्ग बाधित हुए। कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बारिश से तापमान गिरा और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में फिर अंधड़ और बारिश अलर्ट जारी किया है।

शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

# किसान मेरे रोम-रोम में है, कृषि हर सांस में बसी है : शिवराज सिंह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सीहोर विदिशा संसदीय क्षेत्र के सीहोर जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। शिवराज सिंह ने इस दौरान लाड़कुई में प्रधानमंत्री आवास योजना, वन विभाग की योजनाओं और आदिम जाति कल्याण की योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद किया। साथ ही भादाकुई और छींदगांव में जैविक खेती, वाणिज्यिक खेती, उद्यानिकी व स्वरोजगार पर चर्चा की और लाडली बहना व लखपति दीदीयों से भी संवाद किया। इस



दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि एक ताकतवर भारत और विकसित भारत हमारा लक्ष्य है। विकसित भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प मेरे लिए मंत्र बन गया है, लेकिन भारत विकसित कब बनेगा... ? भारत विकसित तब बनेगा, जब हमारा हरेक गांव विकसित बनेगा, मतलब ऐसा भारत जहां सड़क, बिजली, पानी का जाल बिछा हो, खेती उन्नत हो, हरेक परिवार रोजगार से जुड़ा हो, कोई भी इस धरती पर भूखा ना सोए, इलाज की बेहर सुविधाएं हो। अपना हर क्षेत्र विकसित हो। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित का मतलब केवल पुल, पुलिया, स्कूल, अस्पताल नहीं है, इसके आगे भी विकास का ये सिलसिला जारी रहे। विकसित भारत मतलब जहां मानवीय गरिमा का सम्मान होता हो, जहां गरीब भी किसी ना किसी साधन से जुड़ा हो, यहां की बहनों कि आमदनी ऐसी हो कि वह शौर्य और स्वाभिमान के साथ अपनी जिंदगी बिता सकें।

# अमेरिकी रिपोर्ट : पाकिस्तान अपना परमाणु जखीरा मॉडर्न बना रहा

## चीन उसे हथियार सप्लाई कर रहा, मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूस पर निर्भर

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में यह बताया गया है कि पाकिस्तान, अपने अस्तित्व के लिए भारत को एक खतरे के तौर पर देखता है। इस वजह से वह अपने परमाणु हथियारों को आधुनिक बनाने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए चीन से आर्थिक और सैन्य समर्थन ले रहा है।

वहीं, भारत, पाकिस्तान को सिर्फ एक सुरक्षा चुनौती मानता है, जिसे संभाला जा सकता है। भारत असली खतरा चीन को मानता है और अपनी सैन्य तैयारियां भी उसी के हिसाब से करता है। मेक इन इंडिया के बावजूद भारत अभी भी रूसी हथियारों पर निर्भर है। यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की वर्ल्ड थ्रेट असेसमेंट 2025 रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की रक्षा नीति चीन का सामना करने और भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी। डीआईए अमेरिकी रक्षा विभाग का हिस्सा है। इसके डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेफ्री क्रूस ने यह रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट वैश्विक सुरक्षा खतरों का आकलन करती है। इसकी मदद से अमेरिका की राष्ट्रीय और विदेश नीति की दिशा तय होती है।

### चीन-भारत विवाद अभी खत्म नहीं हुआ, बस थमा है- रिपोर्ट

भारत, चीन को सबसे बड़ी चुनौती मानता है। इसकी वजह सीमा विवाद, चीन की सैन्य शक्ति में इजाफा और आर्थिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा है। इसमें बताया गया है कि चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति, विशेष रूप से नौसेना और मिसाइल क्षमताएं, भारत के लिए चिंता का विषय हैं। इसके अलावा चीन का क्षेत्रीय प्रभाव और एआई, साइबर, और अंतरिक्ष में प्रगति भारत के लिए



रणनीतिक चुनौती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत-चीन सीमा विवाद अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हालांकि, 2020 की झड़पों के बाद तनाव थोड़ा कम हुआ है, लेकिन भारत, चीन के प्रभाव को कम करने के लिए हिंद महासागर में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है और दूसरे देशों के साथ सैन्य साझेदारी कर रहा है।

भारत अपनी सैन्य तैयारियां और गठबंधन के जरिए चीन का मुकाबला कर रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com